देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 5 । नर्मदापुरम, बुधवार 2 अप्रैल 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

बनखेड़ी बाजार में आवारा मवेशी लोगों को कर रहे घायल — पृष्ठ 2
- आसान नहीं है डगर तीसरे टर्म की
- भाजपा में मोदी का विकल्प नहीं — पृष्ठ 4
- 3 साल पहले हुआ तबादला फिर भी जमे हैं प्रभारी अधीक्षक यंत्री — पृष्ठ 6
दूर कर दी हैं, हमने सारी बाधाएं आप उद्योग लगाएं, सरकार करेगी मदद — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### हिंदी साहित्यकार कमल किशोर गोयनका का निधन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदी जगत के प्रख्यात साहित्यकार डॉक्टर कमल किशोर गोयनका का मंगलवार सुबह राजधानी के अस्पताल में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों से श्री गोयनका के निधन की जानकारी मिली है। उनके बड़े पुत्र संजय गोयनका ने बताया कि उनके पिता को नौ मार्च से डॉ गोयनका को सांस लेने में कष्ट हो रहा था और उपचार के लिए उन्हें राजधानी के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद के साहित्य के सर्वोत्तम विद्वानों और शोधकर्ताओं में गिना जाता था। उनकी करीब 130 पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं।

### सरकार जलवायु परिवर्तन के कृषि पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति सचेत



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि सरकार जलवायु परिवर्तन के कृषि पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति सचेत है और जलवायु अनुकूल 100 से अधिक उच्च उपज वाले बीजों का प्रबंध कर रही है। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रश्न काल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पुरषोत्तम रूपाला के प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों एवं उनके निवारण पर निरंतर शोध कर रहा है और उसकी अनुशंसा पर सरकार समुचित कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का असर आम की फसलों पर न पड़े, सरकार इसके भी इंतजाम कर रही है।

### दुष्कर्म मामले में स्वघोषित पादरी को उम्रकैद की सजा

**मोहाली, एजेंसी।** मोहाली की पॉक्सो कोर्ट ने स्वघोषित पादरी बजिंदर सिंह को 2018 के यौन उत्पीड़न मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने पिछले हफ्ते बजिंदर को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार), धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने) और धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दोषी करार दिया था। इस पादरी पर एक महिला के साथ यौन शोषण के गंभीर आरोप थे। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने पुख्ता सबूत और गवाह पेश किए, जिसके आधार पर कोर्ट ने यह कड़ा फैसला सुनाया है।

### विधानसभा में गूंजा मस्जिदों के अवैध अतिक्रमण का मुद्दा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को मस्जिदों की ओर से सरकारी जमीन पर किये जा रहे अवैध अतिक्रमण का मुद्दा उठा। शकूर बस्ती से भारतीय जनता पार्टी के विधायक करनैल सिंह ने नियम 280 के तहत मस्जिदों द्वारा सरकारी जमीन पर किये जा रहे अतिक्रमण का मुद्दा उठाया और सरकार से सरकारी जमीन पर किये जा रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा, मेरे विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली विकास प्राधिकरण, डीडीए की जमीन पर मस्जिद बनी है और मस्जिद प्रबंधन की ओर वक्फ की जमीन बता कर अवैध निर्माण किये जा रहे हैं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह इस मामले की जांच करवाएं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे।

### सागर परिक्रमा पर निकली तारिणी केप टाउन पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नाविका सागर परिक्रमा अभियान के तहत समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने के पर निकली नौसेना की दो अधिकारियों की स्वदेशी नौका तारिणी चौथे चरण को पूरा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में प्रवेश कर गयी है। भारत की महावाणिज्य दूत सुश्री रूबी जसप्रीत, दक्षिण अफ्रीकी नौसेना बेड़े की चीफ ऑफ स्टाफ रियर एडमिरल लिसा हेंड्रिक्स और प्रिटोरिया में भारत के रक्षा सलाहकार कैप्टन अतुल सपहिया ने केप टाउन में आईएनएसवी तारिणी और इसके चालक दल का स्वागत किया। इस अवसर पर दक्षिण अफ्रीकी नौसेना बैण्ड ने भी बंदरगाह पर जहाज का स्वागत करते हुए प्रस्तुति दी। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने तारिणी को गत 02 अक्टूबर को गोवा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

---

#### गुजरात के बनासकांठा में बॉयलर फटने से हुआ हादसा

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 21 मजदूरों की मौत





**अहमदाबाद/भोपाल/हरदा/देवास, देशबन्धु।** गुजरात के बनासकांठा जिले के डीसा में एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट के साथ इमारत की छत के चिथड़े उड़ गए और आग लग गई। वायलर फटने से हुए इस भीषण हादसे में 21 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 5 गंभीर रूप से झुलस गए। घायल मजदूरों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में ज्यादातर मध्यप्रदेश के मजदूर और उनके परिवार के सदस्य थे। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी के अनुसार यह घटना देसा शहर के पास एक औद्योगिक क्षेत्र में सुबह करीब 9.45 बजे हुई। श्री मकवाणा के मुताबिक घटना में 21 लोगों की मौत हो गई और 5 अन्य घायल हो गए जब एक बड़े विस्फोट के बाद इमारत की छत गिर गई। बताया जाता है कि पीड़ित मध्यप्रदेश के मजदूर और उनके परिवार के सदस्य थे और उनमें से अधिकांश की मौत छत गिरने से हुई। श्री मकवाणा के मुताबिक यह यूनिट पटाखे रखने के लिए थी और अब तक कोई सुराग नहीं मिला है कि वहां पटाखे बनाए जा रहे थे। इसके पहले, अधिकारियों ने कहा था कि यह एक फैक्ट्री थी।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है, उन्होंने कहा कि यह हादसा बेहद दर्दनाक है इस मुश्किल समय में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 4 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

### मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया, मंत्री चौहान को घटना स्थल पर भेजा

गुजरात में हुए इस भयावह हादसे पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ट्वीट कर शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि गुजरात के बनासकांठा स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट से मध्यप्रदेश के श्रमिकों की असामयिक मृत्यु तथा गंभीर घायल होने का दुखद समाचार अत्यंत हृदयविदारक है। शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहन संवेदना व्यक्त करता हूं। डॉ. यादव ने अनुसूचित जाति मंत्री नागर सिंह चौहान को गुजरात बनासकांठा भेजा है, वह घटना के हालातों का जायजा लेंगे। साथ ही डॉ. यादव ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों के परिजनों के लिए 50-50 हजार की घोषणा की है।

### तेजाब फैक्ट्री गोदाम में गैस लीक होने से 3 मृत

**ब्यावर (राजस्थान), एजेंसी।** राजस्थान के ब्यावर में तेजाब फैक्ट्री के गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस के लीक होने से कंपनी मालिक सहित 3 की मौत हो गई। हादसे से प्रभावित 60 से ज्यादा लोगों ब्यावर और अजमेर सरकारी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। गैस के असर से कई पालतू जानवर और आवारा कुत्तों की भी मौत हुई है। घटना ब्यावर थाने के बाडिडा क्षेत्र की सुनील ट्रेडिंग कंपनी में सोमवार रात 10 बजे की है। फैक्ट्री के नजदीक के कई घरों को खाली करवाया गया है। इस हादसे में कंपनी मालिक सुनील सिंघल (47) की मौत हो गई। वो रातभर गैस को नियंत्रित ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### मृतकों में हरदा के 8 और देवास के 9 मजदूर

मृतकों में मध्यप्रदेश के हरदा जिले के हंडिया निवासी श्रीमती गुड्डी बाई पति भगवान सिंह नायक (30), विजय भगवान सिंह नायक (17), अजय भगवान सिंह नायक (16), कृष्णा भगवान सिंह नायक (12), विष्णु पुत्र सत्य नारायण नायक (18), सुरेश पुत्र अमर सिंह नायक (25), बबीता पति संतोष नायक (30), तथा धनराज बैन (18) की मृत्यु हो गई है। संयुक्त कलेक्टर सतीश राय के मुताबिक इसके अलावा राजेश पुत्र सत्यनारायण नायक (22), निवासी हंडिया, बिट्ठू पुत्र सत्यनारायण नायक निवासी हंडिया (14) तथा विजय पुत्र रामदीन काजवे निवासी मालपौन (23) के घायल होने की खबर है। दुर्घटना में 2 व्यक्तियों संजय नायक (12) और लक्ष्मी (50) अभी तक लापता है। जिला प्रशासन बनासकांठा से अद्यतन जानकारी प्राप्त होने पर जानकारी परिवर्तित हो सकती है। वहीं संयुक्त कलेक्टर संजीव नागू के नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासन का दल घटना स्थल के लिए रवाना किया गया है। जिला बनासकांठा के साथ प्रशासन लगातार समन्वय बनाए हुए हैं। वहीं इस हादसे में देवास जिले के लखन पिता गंगाराम भोपा (24), सुनीता पति लखन भोपा (20), केशवरबाई पत्नी गंगाराम भोपा (50), राधा पिता गंगाराम भोपा (11), रुकमा पिता ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### पश्चिम बंगाल में भी फैक्ट्री में विस्फोट से 7 की जान गई

**दक्षिण 24 परगना, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के रायपुर धौलहट थाना क्षेत्र में स्थित पाथरप्रतिमा तृतीय बाड़े में एक भयानक विस्फोट हुआ। यह घटना उस समय हुई, जब लोग बसंती पूजा के लिए एक कमरे में पटाखे बना रहे थे। विस्फोट के बाद पूरे घर में आग लग गई। इससे सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे की है। स्थानीय विधायक समीर ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

---

## वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में आज होगा पेश

- भाजपा, कांग्रेस, जेडीयू, टीडीपी ने अपने सांसदों को जारी किया व्हिप
- वक्फ बिल पर नीतीश, नायडू का मिला साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश होगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर 8 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया है। एनडीए को बहस में बोलने के लिए 4 घंटे 40 मिनट का समय मिला है। बाकी के समय विपक्ष के नेता बोलेंगे। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) ने जब इस बात की जानकारी दी। विपक्ष ने कहा कि चर्चा 12 घंटे होनी चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिल पर चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद बिल लोकसभा में पास किया जाएगा। हालांकि, विपक्ष ने बीएसी की बैठक से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर अपने एजेंडे को थोपने और विपक्षी सदस्यों की बात नहीं सुनने का आरोप लगाया। लोकसभा में बहस के लिए भाजपा, कांग्रेस, जेडीयू, टीडीपी समेत पार्टियों ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया।

भाजपा ने व्हिप जारी कर अपने सांसदों को सदन में पूरे समय मौजूद रहने को कहा है। वहीं, कांग्रेस ने अपने सभी सांसदों को बजट सत्र के बाकी बचे तीनों दिन सदन में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि हम बिल पर चर्चा चाहते हैं। सभी राजनीतिक दलों को इस पर बोलने का अधिकार है। देश भी जानना चाहता है कि किस पार्टी का क्या स्टैंड है। अगर विपक्ष चर्चा में शामिल नहीं होना चाहता तो हम उन्हें रोक नहीं सकते। केंद्र सरकार बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश करने जा रही है। उससे पहले बीजेपी ने एनडीए के भीतर सभी दलों के बीच बातचीत कर सहमति बना ली है। चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी के बाद अब नीतीश कुमार की जेडीयू ने भी वक्फ संशोधन बिल पर केंद्र सरकार को समर्थन दिया है। संसद में वक्फ बिल पेश होने से पहले जेडीयू ने व्हिप जारी कर अपने सभी सांसदों को 4 अप्रैल तक संसदीय कार्यवाही में मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले टीडीपी ने अपने सभी ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

---

#### मोहन मंत्रिपरिषद ने लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# नई परिवहन सेवा को मिली हरी झंडी

- 7 संभागीय कंपनियां होंगी गठित
- जिला स्तर पर भी बनेगी निगरानी समिति



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में यात्री परिवहन सुविधा को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू करने के प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस योजना पर काम करने के लिए सरकार ने 101 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। योजना के तहत निजी बस ऑपरेटरों के सहयोग से प्रमुख नगरों और कस्बों के अलावा सुदूर ग्रामीण अंचल में भी बस सेवा संचालित की जाएगी।

बैठक के बाद नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि राज्य सरकार ने परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एकीकृत परिवहन मॉडल तैयार किया है। इसमें बस अधोसंरचना का विकास किया जाएगा। जिसमें पीपीपी मॉडल के तहत बस स्टैंड, बस डिपो और अन्य सुविधाओं का निर्माण होगा। वहीं, बस संचालन एवं संधारण पर काम होगा। इसमें ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### इंदौर में 27 अप्रैल को होगी आईटी कॉन्क्लेव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में राज्य सरकार द्वारा आयोजित की गई गतिविधियों और प्राथमिकताओं की जानकारी दी। उन्होंने ये भी बताया कि इंदौर में 27 अप्रैल को आईटी कॉन्क्लेव होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश ऐसा एकमात्र राज्य है, जहां वृहद और लघु सूक्ष्म, मध्यम उद्योगों को समस्त राशि का भुगतान पूर्ण हो चुका है। लगभग ढाई हजार इकाइयों को यह लाभ मिल रहा है। औद्योगिक इकाइयों को कुल 3100 करोड़ की राशि जो वर्षों से दी जाना लंबित थी, प्रदान करने का कार्य किया गया है।

### अधिकारियों और कर्मचारियों के भत्तों में होगी बढ़ोतरी

नगरीय प्रशासन मंत्री श्री विजयवर्गीय ने बताया कि सरकार के कर्मचारियों के भत्तों का पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है। इसके तहत, कर्मचारियों को वर्तमान में मिलने वाले विभिन्न भत्तों में बढ़ोतरी की जाएगी। इस बदलाव से राज्य सरकार पर लगभग 1500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वार्षिक खर्च आएगा। उन्होंने बताया कि शासकीय सेवकों के लिये सातवें वेतनमान में देय मूल वेतन के आधार पर ए श्रेणी के नगरों के लिए 10 प्रतिशत, बी श्रेणी के नगरों के लिए 7 प्रतिशत, सी एवं डी श्रेणी के नगरों के लिए 5 प्रतिशत के आधार पर गृह भाडा भत्ता प्रदान किया जायेगा। दैनिक भत्ता, वाहन भत्ता, मील भत्ता, ठहरने की पात्रता, प्रदेश के बाहर यात्रा के दौरान ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### माता बम्बरबैनी प्राचीन मंदिर पवित्र क्षेत्र घोषित

मोहन मंत्रिपरिषद ने छतरपुर जिले के लवकुशनगर स्थित माता बम्बरबैनी के प्राचीन मंदिर को पवित्र क्षेत्र घोषित करने का निर्णय लिया है। यह मंदिर क्षेत्र 0.012 हेक्टेयर और 30.375 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है।

---

#### 2 माह बाद भी लोकायुक्त पुलिस पेश नहीं कर पाई चालान

# सौरभ शर्मा और उसके साथियों को मिली जमानत



**भोपाल, देशबन्धु।** कार में मिले 55 किलो सोना और 10 करोड़ नगदी मामले में सौरभ शर्मा और उसके साथियों को जमानत मिल गई है। विशेष न्यायाधीश राम प्रताप सिंह ने लोकायुक्त पुलिस के रवैये पर हैरानी जताते हुए आरोपियों को जमानत दे दी। लोकायुक्त पुलिस की उदासीनता के चलते 2 माह बाद भी सौरभ और उसके साथियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश नहीं हो पाया है। फिलहाल सौरभ और उसके अन्य साथी आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मामलों में जेल में ही रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि 55 किलो सोना और 10 करोड़ नगदी मामले में सौरभ और उसके साथी शरद जायसवाल और चेतन गौर को लोकायुक्त ने हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें लोकायुक्त को रिमांड दे दी गई थी। हालांकि, आरोपियों को जमानत केवल लोकायुक्त में दर्ज मामलों में दी गई है।

### लावारिश इनोवा में मिला था सोना

भोपाल में 19 दिसंबर को एक लावारिस इनोवा कार से भारी मात्रा में सोना और नकदी बरामद होने से हड़कंप मच गया था। मेंडोरी गांव के कुछ स्थानीय निवासियों ने पुलिस को खाली प्लॉट में खड़ी एक लावारिस क्रिस्टा गाड़ी के बारे में जानकारी दी। गाड़ी में 6 से 7 बैग रखे हुए थे, जिन्हें खोलने पर आयकर विभाग को सूचना दी गई। आयकर की टीम ने कार्रवाई करते हुए गाड़ी का कांच तोड़ा और बैगों को बाहर निकाला। इन बैगों में 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपए नकद पाए गए थे।

### आईटी और ईडी में दर्ज मामलों में फिलहाल जेल में रहेंगे आरोपी

### जमीन में गाड़ रखी थी 2 सौ किलो से ज्यादा चांदी

सौरभ शर्मा के भोपाल स्थित घर पर 19 दिसंबर 2024 को हुई लोकायुक्त के छापेमारी में 234 किलो चांदी मिली थी। जिसकी कीमत 2 करोड़ 10 लाख रुपये है। साथ ही 17 लाख की ब्रान्डेड घड़ियां, 15 लाख की लेडीज़ पर्स, 2 अलमारी से नगदी के साथ 11 लाख रुपए हीरे की अंगूठी मिली थे।

### प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई में भी करोड़ों मिले

वहीं 27 दिसंबर को ईडी ने सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर, शरद जायसवाल, रोहित तिवारी के ठिकानों पर छापे मारे थे। सौरभ के परिजन और दोस्तों के खातों में 4 करोड़ रुपए का बैंक बैलेंस मिला। इसके अलावा 23 करोड़ की संपत्ति भी जांच के दायरे में प्रवर्तन निदेशालय ने ली थी। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में की गई जांच में 6 करोड़ रुपए की एफडी के बारे में भी जानकारी भी प्रवर्तन निदेशालय के हाथ लगी है। फर्मों और कंपनियों के जरिए किए गए निवेश का खुलासा हुआ है।

---

#### अदालत ने दिया एफआईआर दर्ज करने का आदेश

# दिल्ली दंगे मामले में मुश्किल में कपिल मिश्रा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार में मंत्री और भाजपा नेता को राउज एवेंन्यू कोर्ट से मंगलवार को झटका लगा है। कोर्ट ने मंत्री कपिल मिश्रा और अन्य के खिलाफ 2020 के दिल्ली दंगों में उनकी कथित विभिन्न भूमिकाओं की जांच के लिए सुनवाई का आदेश दिया। साथ ही कोर्ट ने कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन स्वीकार कर लिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने इसे प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध पाया, जिसमें उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं। न्यायाधीश ने कहा कि यह साफ है कि दंगों के दौरान कपिल इलाके में थे। इसमें आगे जांच की जरूरत है।

न्यायाधीश यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी, जिसका दिल्ली पुलिस ने विरोध किया और दावा किया कि दंगों में मिश्रा की कोई भूमिका नहीं थी। कपिल मिश्रा का जन्म पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में 13 नवंबर 1980 को हुआ था। उनकी मां अन्नपूर्णा मिश्रा भाजपा नेता रही हैं। वे पूर्वी दिल्ली नगर निगम की मेयर भी रहीं। भाजपा में कपिल मिश्रा को हिंदुत्व के बड़े चेहरे के रूप में देखा जाता है। कपिल मिश्रा ने भाजपा के टिकट से करावल नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के मनोज कुमार त्यागी को 23,355 वोटों से हराया।

### आप सरकार में भी मंत्री रहे हैं मिश्रा

अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले कपिल मिश्रा को 2015 में आम आदमी पार्टी की जीत के बाद अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली सरकार में जल और पर्यटन मंत्री बनाया गया था। लेकिन केजरीवाल और सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के बाद उन्हें मंत्रालय हटा दिया गया था। 2019 में कपिल मिश्रा ने आम आदमी पार्टी को छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था।

---

#### सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर लगाई फटकार

# बुलडोजर कार्रवाई को अमानवीय और अवैध बताया

- शीर्ष अदालत ने कहा- प्रयागराज के बुलडोजर एक्शन ने झकझोर दिया
- 10-10 लाख मुआवजा देने का आदेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को मकान गिराने पर फटकार लगाई। कोर्ट ने अधिकारियों के बुलडोजर एक्शन को अमानवीय और अवैध बताया। साथ ही कहा- 2021 में हुई इस कार्रवाई के दौरान दूसरों की भावनाओं और अधिकारों का ख्याल नहीं रखा गया।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने कहा- देश में लोगों के रिहायशी घरों को इस तरह से नहीं गिराया जा सकता है। इसने हमारी अंतरआत्मा को झकझोर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उचित प्रक्रिया नाम की भी कोई चीज होती है। इस तरह की कार्रवाई किसी भी तरह से ठीक नहीं है। प्रयागराज प्रशासन ने 2021 में गैंगस्टर अतीक की प्रॉपर्टी समझकर एक वकील, प्रोफेसर और 3 अन्य के मकान गिरा दिए थे। सुप्रीम कोर्ट में वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद और अन्य लोगों ने याचिका दाखिल की थी। ये वो लोग हैं, जिनके मकान तोड़े गए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इनकी याचिकाएं ठुकरा दी थीं।

### 6 हफ्तों के भीतर मुआवजा दिया जाए

सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को आदेश दिया कि जिनके मकान गिराए गए हैं, उन्हें 6 हफ्तों के भीतर 10-10 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्जल भुइयां ने यूपी के अंबेडकर नगर में 24 मार्च की घटना का जिक्र करते हुए कहा, अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान एक तरफ झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाया जा रहा था तो दूसरी तरफ एक 8 साल की बच्ची अपनी किताब लेकर भाग रही थी। इस तस्वीर ने सबको शॉक्ड कर दिया था।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### जिला नर्मदापुरम में अचल संपत्ति मूल्यांकन हेतु गाइडलाइन जारी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला मूल्यांकन समिति, नर्मदापुरम सोनिया मीना द्वारा नियम 4(2)(घ) के अंतर्गत एवं भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899 के तहत राज्य शासन द्वारा स्थावर संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु बनाए गए नियम ऱ्मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना एवं उनका पुनरीक्षण नियम 2018ऱ के अनुसार केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के अनुमोदन के पश्चात, अचल संपत्ति मूल्यांकन हेतु गाइडलाइन वर्ष 2025-26 जारी की गई है, जो 01 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होगी। नवीन गाइडलाइन एवं उससे संबंधित उपबंध विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे, जहां से नागरिक इसे देख एवं डाउनलोड कर सकते हैं।

### तौल कांटे के पूजन के साथ उपार्जन प्रक्रिया आरंभ



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मां रेवा स्व सहायता समूह, परदेह द्वारा जय मां अन्नपूर्णा वेयरहाउस, फेफरताल, नर्मदापुरम में तौल कांटे का पूजन कर उपार्जन प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला प्रबंधक, वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एवं जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम उपस्थित रहे।

### जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य जारी

**हरदा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश सरकार ने जल संरक्षण एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया है। यह अभियान आगामी 30 जून तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत जल स्त्रोतों के गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार जैसे कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को जल गंगा संवर्धन





अभियान के तहत ग्राम पंचायत कुकड़ापानी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यो में श्रमदान किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जल संग्रहण की शपथ दिलाई गई तथा तालाब से गाद निकालने का कार्य किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत पाटिया कुआं में भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों व पंचायत पदाधिकारियों ने सार्वजनिक कूप से गाद निकालने और जल स्त्रोतों के आसपास की साफ सफाई का कार्य भी किया गया।

### दुधारू गायों के लिये पुरस्कार योजना के लिये आवेदन 4 तक

**हरदा, देशबन्धु।** पशु पालकों से भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिये पुरस्कार योजना'' के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने बताया कि योजना के तहत ऐसे पशुपालक जिनके पास भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गाय, जिसका प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन 6 लीटर या उससे अधिक है, वे योजना का लाभ लेने के लिये आवेदन कर सकते है। इस योजना के तहत पशुपालक 4 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक निकटतम पशु चिकित्सालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है। आवेदन का प्रारूप हरदा, हंडिया, मगरधा, खिरकिया, सिराली, टिमरनी, रहटगांव एवं टेमागांव के पशु चिकित्सालय से प्राप्त किये जा सकते है।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व सुश्री रजनी वर्मा तथा एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़िया सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

### मूंग सिंचाई के लिये नहरों के माध्यम से प्राप्त हो रहा है भरपूर पानी

**हरदा, देशबन्धु।** विगत वर्ष 2024 में मूंग सिंचाई के लिये जिले में हरदा संभाग में 19135 हेक्टेयर तथा टिमरनी संभाग में 19325 हेक्टेयर का लक्ष्य ऐलान में लिया गया था, जिसे शत प्रतिशत प्राप्त कर लिया गया। मूंग सिंचाई वर्ष 2025 के लिये पुन: हरदा संभाग से 19135 हेक्टेयर तथा टिमरनी से 19325 हेक्टेयर सहित जिले के लिये कुल 38460 हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य ऐलान में लिया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में नर्मदापुरम संभाग अग्रणी पंक्ति में रहे : संभाग आयुक्त

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नर्मदापुरम संभाग के हरदा, बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए की 30 मार्च से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में नर्मदापुरम संभाग के तीनों जिले अग्रणी पंक्ति में रहे। जल गंगा संवर्धन अभियान में 15 विभागों के कार्य होने हैं। जिलों में स्थित प्राचीन कुएं, बावड़ी तालाब, सरोवर एवं छोटी नदियों में साफ सफाई का कार्य कर उन्हें पुनर्जीवित करना है। पेयजल स्त्रोत के रूप में विकसित कर जल शक्ति मंत्रालय के पोर्टल पर उक्त कार्य को अपलोड भी किया जाएगा। कमिश्नर ने निर्देश दिए की तीनों जिलों में वृहद स्तर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्य किए जाएं। जल संसाधन विभाग जनपद पंचायत, नगर पालिकाओं के साथ अन्य विभाग भी पेयजल स्त्रोत को डेवलप करने के लिए कार्य करें।



संभाग आयुक्त श्री तिवारी ने हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए की 1 अप्रैल से ई ऑफिस सिस्टम के अनुसार ही सभी कार्य करना सुनिश्चित करें। अब फिजिकल फाइल लेना बंद कर दिया जाए। कमिशनर ने निर्देश दिए की 1 अप्रैल से सभी फाइलों का मूवमेंट ई ऑफिस सिस्टम के माध्यम से ही किया जाए। बताया गया कि हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम में अधिकांश विभाग ऑन बोर्ड हो चुके हैं और इस हफ्ते से फाइल का कार्य ई ऑफिस सिस्टम के अनुसार ही कार्य किया जाएगा श्री तिवारी ने तीनों जिलों के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह गेहूं उपार्जन का भुगतान सभी किसानों को टाइम से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में मौसम में परिवर्तन संभव है, अत: गेहूं की बारिश से सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। गेहूं किसी भी स्थिति में भीगने ना पाए इसलिए सभी उपार्जन केन्द्रों पर तिरपाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी गेहूं एफएक्यू क्वालिटी के अनुसार ही खरीदा जाए। गेहूं स्टाक का सत्यापन भी प्राथमिकता से किया जाए।

संभाग आयुक्त ने बताया कि भीषण गर्मी में कई बार खेत, घर या अन्य स्थानों पर शॉर्ट सर्किट से या अन्य कारण से आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं। साथ ही जगह-जगह नरवाई जलाने की घटना भी प्रकाश में आती है। कमिशनर श्री तिवारी ने तीनों जिलों के कलेक्टर को स्पष्ट निर्देश दिए की आग लगने एवं नरवाई जलाने की घटना कहीं पर भी ना हो इसके लिए आम लोगों को एवं किसानों को जागरूक किया जाए। उन्होंने ऐसे समय में नगर पालिका के फायर ब्रिगेड को हर समय मुस्तैद रखने के निर्देश दिए और कहां की फायर ब्रिगेड में पानी की व्यवस्था हर समय रहे और फायर ब्रिगेड समय पर आगजनी की घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं भी सामने आ रही है कि नगर पालिका का आमला कचरे में आग लगा देते हैं उन्होंने कहा कि कचरे में आग लगाने की घटना ना हो कचरा अपने निर्धारित स्थल पर यह डंप किया जाए। कमिश्नर ने कहा कि फायर ब्रिगेड का रिस्पांस टाइम भी सुधर जाए। फायर ब्रिगेड समय पर घटनास्थल पर पहुंचे। संभाग आयुक्त ने निर्देश दिए की मूंग और गेहूं की बजाय किसानों को मक्का की फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। कमिशनर श्री तिवारी ने बताया कि कुछ किसान भी यही चाहते हैं कि उन्हें मार्च के प्रथम सप्ताह से एवं अप्रैल के लास्ट तक अगर नहर से पानी मिल जाए तो वे मक्का की फसल लगाने के लिए प्रेरित होंगे। कमिश्नर ने कहा कि हरदा, नर्मदापुरम जिले में इस वर्ष मक्का का रकबा बढ़ा है। उन्होंने सभी कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मक्का की फसल को प्रोत्साहित करने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना भी बनाएं।

संभाग आयुक्त श्री तिवारी ने निर्देश दिए की सभी कलेक्टर जिला कार्यक्रम अधिकारी से रोज जानकारी ले की आंगनवाड़ी केंद्र खुली है कि नहीं। सभी आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं बच्चे उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी केंद्रों से बच्चों को पोषण आहार नियमित रूप से मिले। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्री तिवारी ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे अपना वार्षिक रोस्टर निरीक्षण प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से बना ले। इसमें वह इस वर्ष अपने वर्ष भर में किए जाने वाले कार्य एवं लक्ष्य का निर्धारण करें। कमिशनर ने निर्देश दिए कि सभी कलेक्टर अपने कलेक्टर कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालय का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने नए वित्तीय वर्ष में सभी को बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी साथ ही कहा की जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन एवं सीपीग्राम पोर्टल के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाए। उन्होंने सार्वजनिक उपक्रमों में राजस्व जमा करने एवं अगले 5 से 6 दिनों में राजस्व लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। कमिशनर ने कहा कि जैसे ही शिकायतें प्राप्त होती हैं वैसे ही उसका निराकरण करने से शिकायतों की संख्या कम रहेगी। उन्होंने लोक सेवा गारंटी के तहत सभी प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने पर तीनों जिलों के कलेक्टर की सराहना भी की। कमिशनर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन के तहत हरदा और बैतूल जिले में शेष रह गए नल कनेक्शन के कार्य को 15 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश दिए तथा नर्मदापुरम में शेष रह गए नल कनेक्शन को आगामी माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह ऑनलाइन एवं संयुक्त आयुक्त विकास जीसी दोहर ऑफलाइन उपस्थित रहे।

### सभी विभागीय अधिकारी 5 अप्रैल तक अपना वार्षिक रोस्टर निरीक्षण डायरी बनाएं

संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वार्षिक लक्ष्य का निर्धारण करते हुए विभागीय रोस्टर निरीक्षण डायरी बनाएं। इसमें अपनी योजनाओं एवं निर्माण कार्यों तथा निरीक्षण का लक्ष्य निर्धारित करें और अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार ही सारे कार्य समय सीमा में संपादित करें। कमिश्?नर ने निर्देश दिए कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सभी अधिकारी अपने दिए गए लक्ष्य को बढ़ाएं। उन्होंने संभाग के सभी जिलों में नरवाई



जलाने की प्रवृत्ति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों के बीच जाकर हैप्पी सीडर और सुपर सीडर मशीन के उपयोग को बढ़ावा दें। किसानों को समझाइश दे की सुपर एवं हैप्पी सीडर मशीन से नरवाई काट कर उसका उपयोग भूसे के रूप में करें। कमिश्?नर ने निर्देश दिए की किसानों को मक्का की फसल लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मूंग एवं गेहूं की बजाय किसान मक्का का उत्पादन करें इसके लिए कृषि विभाग हर संभव प्रयास करें। जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए श्री तिवारी ने निर्देश दिए की जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 15 विभाग को संलग्न किया गया है जो जल गंगा अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को मूर्त रूप देंगे। उन्होंने गेहूं उपार्जन के संबंध में भी आवश्यक जानकारी ली एवं बताया कि अब तक किसानों को गेहूं उत्पादन का 14 करोड रुपए का पेमेंट किया गया है लेकिन अभी 5 करोड़ का पेमेंट सक्सेस दिख रहा है। कमिश्?नर ने निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन के सात दिवस के अंदर किसानों को उपार्जन का पेमेंट करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी एवं स्कूल अपने निर्धारित समय पर खोलने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त आरपी सिंह, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अब नये पोर्टल से होगा गर्भवती महिलाओं का पंजीयन

**हरदा, देशबन्धु।** जिले में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं चिकित्सा अधिकारियो के लिए नवीन अनमोल एप्लीकेशन और आर.सी.एच. पोर्टल 2.0 का प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। मंगलवार को आयोजित इस प्रशिक्षण मे विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, लेखापाल, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को ट्रेनिंग दी गई।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी.सिह ने बताया कि गर्भवती माताओं के पंजीयन तथा टीकाकरण के लिये उपयोग में लाये जा रहे अनमोल एप्लीकेशन तथा पोर्टल के नये वर्जन में पंजीयन के लिये समग्र आई.डी., आधार कार्ड तथा बैंक खाते की ईकेवायसी अनिवार्य रूप से होना चाहिये। डॉ. सिंह ने बताया कि जननी सुरक्षा व प्रसूति सहायता योजना के पात्र हितग्राहियों को भुगतान के लिये समग्र से आधार लिंक करवाना तथा आधार कार्ड से बैंक खाता लिंक करवाना होगा, तभी इस प्रोत्साहन राशि का भुगतान प्राप्त हो सकेगा। गर्भवती महिला के पंजीयन के समय पति-पत्नी के समग्र आई.डी. एक ही परिवार सूची में अपडेट करवाना होगा। उन्होने सभी सी.एच.ओ., सुपरवाईजर्स, ए.एन.एम. एवं आशा कार्यकर्ता को निर्देश दिये है कि अपने-अपने क्षेत्र के नव-दंपत्तियों एवं योग्य लक्ष्य दंपत्तियों को आधार कार्ड, समग्र आई.डी. तथा बैंक अकाउंट अपडेट करवाने के लिये प्रेरित करें, ताकि पंजीयन के समय किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो और भुगतान समय पर प्राप्त हो सके।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान किया नागरिकों की समस्याओं का समाधान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान 59 आवेदन कर्ताओं की समस्याओं का समाधान किए। इस दौरान उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति, प्रधानमंत्री आवास, लाडली लक्ष्मी योजना से संबंधित कई अन्य शिकायती आवेदनों के निराकरण किए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



जनसुनवाई के दौरान आवेदनकर्ता कृष्ण कुमार घोरमारे ने आवेदन प्रस्तुत कर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के लिए कलेक्टर को बताया कि उनके पिता जो कि एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ थे उनका देहांत 18 जनवरी को हो चुका है। देहांत उपरांत शासन के निर्देश अनुसार अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाना था जो कि अभी तक अप्राप्त है। कलेक्टर ने जिला योजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देश दिए की आवेदन करता के प्रकरण के सभी बिंदुओं की जांच कर अनुकंपा नियुक्ति उपलब्ध करवाई जाना सुनिश्चित करें। एक अन्य आवेदक ममता पवार निवासी ग्राम गुढ़ला तहसील माखन नगर ने बताया कि लाडली लक्ष्मी योजना में उनकी पुत्री का नाम गलत दर्ज हो गया है, नाम सही करने को लेकर कई बार आवेदन किया गया लेकिन नाम ठीक नहीं हुआ हैं, कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की त्रुटि सुधार करते हुए हितग्राही को योजना का संपूर्ण लाभ उपलब्ध करवाया जाए। इसी प्रकार रविशंकर धनवारे निवासी कोटला खेड़ी तहसील डोलरिया के द्वारा जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वे सूची में उनका नाम अग्रणी होने के बावजूद भी उन्हें लाभ नहीं मिल पाया है। आवेदनकर्ता की समस्या समाधान के लिए कलेक्टर ने जनपद सीईओ सिवनी मालवा को निर्देश दिए कि परीक्षण कर हितग्राही को योजना के लाभ से लाभान्वित करें।

जनसुनवाई के दौरान जया यादव निवासी मालाखेड़ी नर्मदापुरम प्रस्तुत करते हुए राशन पात्रता पर्ची में उनका एवं उनके बच्चों का नाम नहीं जुड़ पाया है, केवल उनके पति का ही नाम जुड़ा हुआ है, जिसके कारण बच्चों का एडमिशन भी स्कूल में नहीं हो रहा है। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि आवेदन में उल्लेखित समस्याओं का बिंदु और परीक्षण कर आवेदनकर्ता की समस्या का समाधान करें कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि यह सुनिश्चित करें कि शासन की योजनाओं के तहत जो भी पात्र हितग्राही हैं वह योजना के लाभ से वंचित न रहे। इस दौरान उन्होंने पूर्व में लंबित जनसुनवाई आवेदनों की भी समीक्षा की एवं समीक्षा के उपरांत निर्देशित किया कि 6 माह से अधिक लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री सोजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर डीके सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों के सत्यापन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए : कलेक्टर

## जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला उपार्जन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने रबी उपार्जन के तहत किसानों के सत्यापन की समीक्षा की।

इस दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 94 प्रतिशत किसानों का सत्यापन किया जा चुका है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अनुविभागीय अधिकारियों से चर्चा कर इस सप्ताह के अंत तक 100 प्रतिशत सत्यापन पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उपार्जन के साथ-साथ उपार्जित स्कंद का परिवहन भी समय पर किया जाए तथा किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने पिछले वर्ष एवं वर्तमान वर्ष के उपार्जन की तुलनात्मक समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विस्थापित ग्रामों के किसानों के गेहूं उपार्जन पंजीयन की समस्त जानकारी उपलब्ध कराई जाए और उपार्जन प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो। इसके अलावा, कलेक्टर ने चना उपार्जन केंद्रों की समीक्षा करते हुए उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सहकारिता विभाग को वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नरवाई मुक्त ग्राम की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी एक सप्ताह में प्रस्तावित ग्रामों की सूची प्रस्तुत की जाए। साथ ही, किसानों को सुपरसीडर के माध्यम से नरवाई प्रबंधन की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर सोनिया मीना ने मंडी सचिव को निर्देशित किया कि मंडी में फसलों की आवक, उनके औसत भाव एवं उच्चतम भाव विशेष रूप से रबी फसलों की जानकारी नियमित रूप से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मंडी में विक्रय की जाने वाली फसलों के रिजेक्टेड सैंपल भी सुरक्षित रखे जाएं।

# जल संवर्धन एवं जल संरचनाओं के पुनरुद्धार करने का लिया संकल्प

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में प्रकृति एवं जल संवर्धन को समर्पित जल गंगा संवर्धन अभियान का आगाज़ विकासखंड बनखेड़ी एवं शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में जल संगोष्ठी के रूप में हुआ।



शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज सेवा के विद्यार्थियों ने जल संवर्धन एवं जागरूकता अभियान को वृहद रूप से संचालित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी नें अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर पानी की एक-एक बूंद को बचाने के लिए कार्य करना होगा तभी यह अभियान सफल होगा।

जिला समन्वयक पवन सहगल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राम में जल चौपाल, श्रमदान, स्कूल रैली, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से जल संरक्षण का दिया जाएगा। विकासखंड समन्वयक श्री दयाशंकर उमरे ने विद्यार्थियों को जल दूत के रूप में अपना पंजीयन करने हेतु प्रेरित किया एवं सभी विद्यार्थि 10-10 लोगों के पंजीयन जल दूत के रूप में पंजीकृत करे। उपस्थित सभी युवाओं ने जल संरक्षण के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया एवं जल को बचाने का संकल्प लिया इस मौके पर सभी मेंटर्स, नवांकुर एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### रैली एवं रंगोली प्रतियोगिता से दिया जल संरक्षण का संदेश




मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक नर्मदापुरम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता एवं जल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर 150 से अधिक छात्र-छात्राएं एवं परामर्शदाता उपस्थित रहे। उन्होंने रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया और रैली के जरिए समाज को जल बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने प्रयोगशाला ग्राम की जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की कार्य योजना तैयार की, जिससे भविष्य में जल संकट को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें। इस आयोजन का उद्देश्य जन-जागरूकता बढ़ाना एवं समुदाय को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित करना था, जिसे विद्यार्थियों और परामर्शदाताओं ने सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया।

# जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पुस्तकें वितरित कर बढ़ाया उत्साह

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले की सभी शासकीय शालाओं में मंगलवार को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा नि:शुल्क पुस्तकें वितरित की गईं।




जिला परियोजना समन्वयक डॉ. राजेश जायसवाल ने बताया कि कलेक्टर सोनिया मीना एवं सीईओ जिला पंचायत श्री सुजान सिंह रावत के निर्देश पर जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सीएम राइज पवारखेड़ा में किया गया, जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौकसे एवं राज्य शिक्षा केंद्र से ओआईसी माधवी मल्होत्रा तथा पीपुल्स संस्था से दीपा रघुवंशी शामिल हुईं। विकासखंड सिवनी मालवा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधायक प्रेमशंकर वर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राधा सुधीर पटेल ने बच्चों की हौसला अफजाई की। विकासखंड नर्मदापुरम में शासकीय प्राथमिक शाला आईटीआई में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कार्यक्रम में भाग लिया। विकासखंड पिपरिया में स्थानीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी एवं नगरपालिका अध्यक्ष नीना नागपाल ने कार्यक्रम में शिरकत की। विकासखंड माखननगर के शासकीय मॉडल स्कूल में विधायक विजयपाल सिंह ने बच्चों एवं पालकों से मुलाकात कर पुस्तकें वितरित कीं। इसी प्रकार, अन्य विकासखंडों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अंत में, ओआईसी माधवी मल्होत्रा ने जिला शिक्षा केंद्र में समस्त अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें कक्षा 5वीं एवं 8वीं के परिणामों की समीक्षा प्रभारी एपीसी अकादमिक प्रदीप चौहान के साथ की गई। एफएलएन की विस्तृत रिपोर्ट एवं जानकारी निपुण प्रोफेशनल योगेश प्रताप सिंह द्वारा प्रदान की गई। साक्षरता सह समन्वयक सारिका शर्मा ने उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी दी। एपीसी वित्त सुरेंद्र वासनिक, एपीसी जेंडर बलवंत राजपूत एवं एपीसी आरटीई विनोद केरकेट्टा ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट ओआईसी को प्रस्तुत की। ओआईसी ने जिला परियोजना समन्वयक डॉ. राजेश जायसवाल एवं पूरी टीम को उनके प्रयासों एवं राष्ट्रीय स्कॉच अवॉर्ड के लिए शुभकामनाएं दीं। अंत में, एपीसी नितिन दुबे ने बताया कि यह कार्यक्रम 4 अप्रैल तक प्रत्येक स्कूल में शासन के निर्देशानुसार एक महोत्सव की तरह आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 2 अप्रैल को %भविष्य से भेंट% कार्यक्रम किया जाना है। इसके लिए कलेक्टर ने पृथक आदेश जारी कर समस्त अधिकारियों की शालावार ड्यूटी लगाई है, जो एक प्रेरक की भूमिका में बच्चों से भेंट करेंगे। 3 अप्रैल को पालकों के खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा एवं 4 अप्रैल को %हार के आगे जीत है% कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसके लिए तैयारियां जिला परियोजना समन्वयक डॉ. राजेश जायसवाल की अध्यक्षता में युद्धस्तर पर की गई हैं।

### विधायक की उपस्थिती में हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बघवाड़ा में स्कूल चलें हम अभियान के तहत विकास खण्ड स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम - 2025-26 का शुभारंभ सिवनी मालवा विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा की उपस्थिती में हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को प्रोत्साहित करना और अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना था। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



बच्चों को मिठाई खिलाकर उनकी खुशी को दोगुना किया गया, साथ ही पेन व पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई, जिससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रोत्साहन मिला। इस प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक, स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि शिक्षा को हर छात्र तक पहुँचाने के लिए वे सतत प्रयासरत रहेंगे। स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत इस प्रकार के आयोजन आगे भी किए जाते रहेंगे, जिससे शिक्षा का प्रकाश हर घर तक पहुँचे।

नर्मदापुरम, बुधवार 2 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# बांग्लादेश को खो रहा भारत

अदूरदर्शिता, अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों की कच्ची समझ, बड़े व ताकतवर देशों के पिछलग्गू बनने तथा देश के बदले वैयक्तिक छवि को तरज़ीह देने वाली वैदेशिक नीति के चलते भारत का एक और पड़ोसी उसके प्रभाव से निकलता हुआ साफ दिख रहा है- बांग्लादेश। भारत के ज्यादातर पड़ोसी देशों के साथ भारत के अब वैसे मधुर सम्बन्ध नहीं रह गये हैं जो एक दशक पूर्व तक हुआ करते थे। जो मुल्क सांस्कृतिक सम्बन्धों के चलते रिश्तों में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत से जुड़े हुए थे, आज वे भी या तो दूर हो रहे हैं अथवा भारत के सबसे बड़े दुश्मन मुल्क चीन के प्रभाव में जा रहे हैं। चीन बहुत रणनीतिक तरीके से भारत की घेराबन्दी कर रहा है। बांग्लादेश का मामला आश्चर्य के साथ दुखद भी है क्योंकि इसका निर्माण ही भारत की मदद से हुआ था- 1971 में। आज भी वहां से आये लाखों शरणार्थी भारत के नागरिक बनकर सुरक्षित व समृद्ध जीवन जी रहे हैं। भारत सरकार को अपनी कूटनीति पर पुनर्विचार करने की ज़रूरत है। मोदी की व्यक्तिगत पसंदगी, आकांक्षाओं तथा छवि चमकाने का जरिया बनाने की बजाय उसे देश हित में ढाला जाना चाहिये ताकि दक्षिण एशिया में भारत का वह सम्मान तथा प्रतिष्ठा बनी रहे जो उसने 2014 में आई भारतीय जनता पार्टी की बनी केन्द्र सरकार के पहले के 60 वर्षों में अर्जित की थी।

शुरुआत यहां से करें कि पहली बार जब नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे तो उन्होंने सभी पड़ोसी मुल्कों के राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित कर सभी को चौंका दिया था। उनके इस कदम का स्वागत किया गया था और माना गया था कि वे पड़ोसी देशों के साथ अच्छे सम्बन्ध स्थापित करना चाहते हैं। उनके आमंत्रण को स्वीकार करते हुए दक्षेस (सार्क) देशों के सभी राष्ट्रप्रमुख आये थे। इस प्रतिसाद को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करने तथा उसका समझदारीपूर्ण लाभ उठाने के बदले भाजपा के आईटी सेल द्वारा यह प्रचारित किया गया कि पहली बार भारत की ताकत को विदेशी स्तर पर स्वीकारा जा रहा है और इसका कारण मोदी हैं। तत्पश्चात भारत लगातार अपनी गुटनिरपेक्षता की नीति से हटता चला गया जिसमें व्यक्ति से बड़ा देश को मानने, सामूहिकता तथा छोटे-बड़े सभी देशों की सम्प्रभुता के सम्मान का भाव था। साथ ही, मोदी ने अपनी ऊर्जा बड़े देशों के पीछे भागने में लगायी। सर्वाधिक देशों का दौरा करने वाले वे पहले पीएम तो बने लेकिन ज्यादातर में उनकी उपस्थिति फोटो सेशन में प्रमुख जगह पर खड़े होने की रही। उनके समर्थक इसी बात में खुश होते रहे कि उनके मोदीजी को तस्वीर लेते समय महत्वपूर्ण स्थान पर खड़ा किया गया है।

कूटनीतिक सम्बन्धों को मोदी ने संकीर्ण नज़रिये से देखा- एक तो खुद को विश्वगुरु साबित करना और दूसरे, अपने मित्र कारोबारियों को व्यवसाय दिलाना। श्रीलंका की संसद में उनके द्वारा गौतम अदानी को दिलाये गये बिजली संयंत्र के ठेके तथा फ्रांस में राफेल लड़ाकू जहाजों के सौदे में अनिल अंबानी को शामिल करने से उनके साथ देश की छवि खराब हुई। जिन भी बड़े देशों से उनके मित्रों को व्यवसायिक लाभ मिलना सम्भव है, मोदी को उनमें जाने में कोई गुरेज़ नहीं रहा, फिर कोई काम हो या न हो। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने लगभग सवा सौ देशों को मिलाकर तटस्थ देशों का जो समूह बनाया था, वही भारत की असली ताकत थी। मोदी ने खुद को बलशाली साबित करने तथा नेहरू से अपनी अदावत को भुनाने के लिये गुटनिरपेक्ष आंदोलन को एक तरह से खत्म कर दिया। संगठन को, जिसमें 60 फीसदी देश थे, उसके बन्धुत्व भाव तथा मानवीय रूप के लिये जाना जाता था। इसकी बजाये मोदी की अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में न अपने ही देश के लोगों को अमेरिका द्वारा हथकड़ी-बेड़ियों में लाये जाने का विरोध करने का साहस है, न ही इज़रायल द्वारा ग़ज़ा में किये जा रहे नरसंहार के खिलाफ आवाज उठाने का माद्दा। अफ़गानिस्तान, म्यांमार, नेपाल में होते घटनाक्रमों पर भी भारत सरकार मौन रहती है जबकि वह पहले खुलकर अपना पक्ष रखा करती थी।

भारत की अपनी छवि अब एक उदार व संवेदनशील देश के बदले घोर साम्प्रदायिक राष्ट्र की हो चुकी है। यहां सरकार साम्प्रदायिकता का नेतृत्व भी करती है। पड़ोसी मुल्कों में अल्पसंख्यकों के कथित जुल्म पर शोर-शराबा करने वाली सत्तारुढ़ पार्टी के समर्थक अपने यहां के अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित करने के आरोपियों के रूप में दुनिया भर में जाने जाते हैं। इसके खिलाफ़ कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आवाजें उठ चुकी हैं। सरकार की इस राष्ट्रीय नीति की छाया अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों पर पड़ी है। मोदी सरकार एवं उनकी पार्टी ने देश में मुस्लिम देशों, खासकर पड़ोस के पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बांग्लादेश के खिलाफ घृणा का माहौल बनाया है। यही कारण है कि दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रम्प ने पद के शपथ ग्रहण समारोह में, जिनके लिये मोदी ने कभी 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' का नारा दिया था, उन्हें न बुलाकर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को बुलाया था।

अब उसी चीन को पड़ोसी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार युनुस मोहम्मद हाल के अपने चार दिवसीय दौरे में सुझाव दे रहे हैं कि 'भारत के 7 पूर्वोत्तर राज्य (जो सेवन सिस्टर्स कहलाते हैं) समुद्र से दूर यानी 'लैंड लॉक्ड' हैं। बांग्लादेश से चीन उनकी घेराबन्दी कर सकता है।' उल्लेखनीय है कि चीन की इस सम्पूर्ण पूर्वोत्तरी हिस्से पर लम्बे अर्से से नज़र है और इनमें से कई राज्यों पर तो वह अपना अधिकार मानता रहा है। बांग्लादेश यदि चीन को इन प्रदेशों में विस्तार करने के लिये मदद देने को तैयार है तो यह भारतीय विदेश नीति की बड़ी असफलता है।

# आसान नहीं है डगर तीसरे टर्म की

बेशक, लोकसभा चुनाव में लगे धक्के से, जिसमें चार सौ पार के नारों से भाजपा, साधारण बहुमत से काफी नीचे, सिर्फ दो सौ चालीस सीटों पर आ टिकी थी, उसके बाद हुए विधानसभाई चुनावों में जीत जुगाड़ने के जरिए, भाजपा कम से कम मानसिक रूप से काफी हद तक उबरने में कामयाब रही है। लोकसभा चुनाव के बाद से हुए प्रमुख विधानसभाई चुनावों में दिल्ली से पहले तक भाजपा, वैसे तो हरियाणा तथा महाराष्ट्र की दो विधानसभाओं में ही जीत हासिल करने में कामयाब हुई थी, जबकि झारखंड तथा जम्मू-कश्मीर में, अपनी सारी कोशिशों के बावजूद उसे हार का मुंह देखना पड़ा था। इसके बावजूद, इन दो जीतों के सहारे ही भाजपा ने, जिसे अपने मनमुताबिक आख्यान गढ़ने तथा मीडिया पर अपने नियंत्रण के जरिए उसे चलाने में खास महारत हासिल है, सफलता के साथ यह माहौल बना दिया था कि लोकसभा चुनाव तो एक विचलन था और आमतौर पर जनता फिर से भाजपा के पीछे गोलबंद हो चुकी है। इसी पृष्ठभूमि में दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद से, यह छवि और भी मजबूत हुई है कि मोदी के नेतृत्व में संघ-भाजपा जोड़ी ही चुनावी अजेयता फिर से लौट आई है और यहां से आगे मोदी राज की जीत ही जीत है। सिर्फ चुनावी जीत ही नहीं, आम तौर पर राजनीतिक जीत भी।

उनके इसी भरोसे की अभिव्यक्ति, मोदी राज के तेजी से ऐसे कदमों के रास्ते पर बढ़ने में होती है, जो सबसे बढ़कर आरएसएस के बहुसंख्यकों के अपने पक्ष में सुदृढ़ीकरण और बढ़ते हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण के एजेंडे की ओर ले जाते हैं। बेशक, यह किन्हीं खास कदमों का या आरएसएस द्वारा उठायी गयी खास मांगों तक ही सीमित सवाल नहीं है। मोदी राज के तीसरे कार्यकाल के करीब ग्यारह महीनों में खासतौर पर भाजपायी राज्य सरकारों के सहारे, हर साधारण से साधारण मुद्दे का सांप्रदायिक गोलबंदी के हथियार में तब्दील किया जाना, इस देश ने देखा है। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संभल को, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए एक और अयोध्या में तब्दील किया जाना भी शामिल है। इसमें महाकुंभ का ही नहीं, होली-ईद आदि सब का खुल्लमखुल्ला सांप्रदायीकरण भी शामिल है और भाजपा-शासित राज्यों में खासतौर पर मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ खुल्लमखुल्ला भेदभाव भी। जाहिर है कि आरएसएस के पुराने एजेंडे के अनुरूप, समान नागरिक संहिता का उत्तराखंड से शुरू कर, आगे बढ़ाया जाना भी इसमें शामिल है।

इसी के हिस्से के तौर पर, संघ-भाजपा ने वक्फ संशोधन विधेयक का खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक हथियार गढ़ा और आगे कर दिया। बहरहाल, तभी इस मुद्दे पर वर्तमान मोदी सरकार के समर्थन की सीमाएं सामने आ गईं। जहां लोकसभा में इस विधेयक के पेश किए जाने के बाद, उसे न सिर्फ धर्मनिरपेक्ष विपक्षी पार्टियों के मुखर विरोध का सामना करना पड़ा, वहीं खुद सत्ताधारी एनडीए में शामिल तेलुगू देशम तथा जनता दल-यूनाइटेड जैसी पार्टियों के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष विरोध का भी सामना करना पड़ा; ये पार्टियां संघ-भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे का ज्यों का त्यों अनुमोदन करने में असुविधा महसूस कर रही थीं। इसी का नतीजा था कि एक दुर्लभ पैंतरा अपनाते हुए, मोदी राज को इस विधेयक का संयुक्त संसदीय समिति को सौंपा जाना स्वीकार करना पड़ा, ताकि इस पर विभिन्न पक्षों की और विस्तार से राय ली जा सके। यह एक प्रकार से इस विधेयक के ठंडे बस्ते में डाले जाने का ही पैंतरा था और उसे आम तौर पर उसी रूप में देखा जा रहा था।



राजेंद्र शर्मा

> **संभवत: इसी बीच हासिल हुई प्रभावी जीतों से बढ़े हुए आत्मविश्वास के चलते, संघ-भाजपा राज ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष में उसके पक्के एजेंडे को आगे बढ़ाने के जरिए अपनी वफादारी दिखाने के लिए, इस विधेयक को ठंडे बस्ते से बाहर निकाल लिया है। अब इस विधेयक को दोबारा लोकसभा में आगे बढ़ाए जाने का प्रस्ताव है। लेकिन, इसी बीच सामने आए घटनाक्रम ने, इस विधेयक के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

लेकिन, संभवत: इसी बीच हासिल हुई प्रभावी जीतों से बढ़े हुए आत्मविश्वास के चलते, संघ-भाजपा राज ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष में उसके पक्के एजेंडे को आगे बढ़ाने के जरिए अपनी वफादारी दिखाने के लिए, इस विधेयक को ठंडे बस्ते से बाहर निकाल लिया है। अब इस विधेयक को दोबारा लोकसभा में आगे बढ़ाए जाने का प्रस्ताव है। लेकिन, इसी बीच सामने आए घटनाक्रम ने, इस विधेयक के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वक्फ संशोधन विधेयक के पुनर्जीवित किए जाने की सुगबुगाहट होने के बाद से, धर्मनिरपेक्ष विपक्षी पार्टियों ने और भी दृढ़ता तथा स्पष्टता के साथ इसके खिलाफ आवाज तो उठायी ही है, इसके खिलाफ खुद मुस्लिम समुदाय भी एक स्वर से विरोध करने के लिए उठ खड़ा हुआ है। यहां तक कि इस बार रमजान-ईद के मौके पर, करोड़ों मुसलमानों ने काली पट्टियां बांधकर, इसके खिलाफ शांतिपूर्ण किंतु विराट सार्वजनिक प्रदर्शन किए हैं।

इस सब का नतीजा यह हुआ कि एनडीए में भाजपा के, खुद को धर्मनिरपेक्ष दिखाने वाले सहयोगियों को संघ-भाजपा को परोक्ष रूप से यह संदेश देना पड़ा है कि इस मामले में उनके समर्थन को जेब में मानकर नहीं चला जाना चाहिए। जहां बिहार में, एक प्रमुख मुस्लिम मंच ने, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इफ्तार पार्टी के बहिष्कार की घोषणा कर, उस राज्य में नीतीश कुमार पर दबाव बढ़ा दिया, जहां अगले छः महीने के अंदर-अंदर चुनाव होने जा रहे हैं। इस दबाव से निपटने के लिए नीतीश कुमार ने किस तरह, संबंधित मुस्लिम मंच के खिलाफ दमनकारी कार्रवाई और मुसलमानों के प्रति अपनी वफादारी के आम प्रदर्शन के दुहरे हथियार आजमाए हैं, इसकी चर्चा हम किसी और मौके पर करेंगे। यहां इतना कहना ही काफी है कि इस पूरे घटनाक्रम ने नीतीश कुमार को मुसलमानों के बीच अपनी छवि को, संघ-भाजपा से अलगाने के प्रति सचेत कर दिया है।

उधर चंद्रबाबू नायडू ने विजयवाड़ा में आयोजित एक इफ्तारी के मंच का उपयोग, मुसलमानों को इसका भरोसा दिलाने के लिए किया कि, उनकी सरकार मुसलमानों के हितों की रक्षा करने की अपनी वचनबद्धता पर कायम है और रहेगी। वक्फ विधेयक विवाद की पृष्ठभूमि में उन्होंने खासतौर पर जोर देकर कहा कि मुसलमानों की जमीनों, परिसंपत्तियों पर किसी को भी बुरी नजर डालने इजाजत नहीं दी जाएगी। नायडू ने इसकी गारंटी भी दी। इसी दौरान राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी ने भी मेरठ तथा संभल आदि में ईद के मौके पर नवाज पर लगायी गयी पाबंदियों पर विरोध जताते हुए, इसका संबंध राज्य या शासन के ज्यादा से ज्यादा ऑर्वेलियनीय बनते जाने के साथ जोड़ा और कहा कि यह उन्हें हर्गिज मंजूर नहीं है। उधर बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने सांप्रदायिक निहितार्थ वाले मुद्दों के उठाए जाने पर विरोध जताया और ऐसे मुद्दे उठाने के लिए अपने सहयोगियों तक को नहीं बख्शा।

इस तमाम हलचल से, जिसके केंद्र में मुस्लिम अल्पसंख्यकों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाकर छोड़ दिए जाने की मोदी राज की मुहिम का विरोध या नकार है, सिर्फ वक्फ संशोधन विधेयक के भविष्य को लेकर ही नहीं, खुद मोदी राज को लेकर भी वास्तविक सवाल खड़े हो गए हैं। बेशक, यह कहने का अर्थ यह कतई नहीं है कि इस मुद्दे को लेकर चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार, वर्तमान मोदी सरकार को हिला देने वाले हैं। ऐसा मानने का कोई कारण नहीं है। लेकिन, इतना जरूर है कि नायडू-नीतीश आदि की ओर से मोदी राज को इसकी चेतावनी मिल सकती है कि वह आरएसएस के प्रति अपनी वफादारी के प्रदर्शन में, उन्हें जबर्दस्ती नहीं घसीट सकता है।

यह आरएसएस का शताब्दी वर्ष है। इसी सिलसिले में प्रधानमंत्री मोदी ने खुद नागपुर जाकर, आरएसएस के मुख्यालय में मत्था ही नहीं टेका है, सार्वजनिक रूप से आरएसएस की महानता का बखान भी किया है। यह आरएसएस के विभाजनकारी सांप्रदायिक चरित्र को परंपरा तथा संस्कृति की चादर से ढांपने की ही कोशिश थी, जिसके बाद उसे शासन-तंत्र में और गहराई तक रोपा जाएगा। मोदी निजाम इसी रास्ते पर बढ़ता चाहता है और उसका अब तक का रिकार्ड यही दिखाता है कि वह इसी रास्ते पर चलने जा रहा है। लेकिन, उसके चंद्रबाबू नायडू तथा नीतीश कुमार जैसे क्षेत्रीय तथा खुद को धर्मनिरपेक्ष बताने वाले सहयोगियों को, उसके साथ बंधे-बंधे अपना इस रास्ते पर घसीटा जाना मंजूर नहीं है। संघ-भाजपा की स्वाभाविक सांप्रदायिक प्रेरणा और उनके राज के अल्पमत का ही राज होने की सच्चाई के बीच का अंतर्विरोध, आसानी से हल या शांत होने वाला नहीं है। यह अंतर्विरोध मोदी राज की नैया डावांडोल नहीं भी करे, तब भी उसे हिलाता तो रहेगा ही और यह तीसरे कार्यकाल में मोदी की राह मुश्किल बनाने जा रहा है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# भाजपा में मोदी का विकल्प नहीं

नए संवत्सर की शुरुआत पर गुड़ीपड़वा के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय में संघ प्रमुख मोहन भागवत और प्रधानमंत्री की भेंट का इंतजार बहुत लोगों को था लेकिन जो आधिकारिक बातें निकालकर आईं उनसे ऐसा कोई संकेत नहीं मिला कि भाजपा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार समेत की बड़े मसलों पर इन दो शीर्षस्थ लोगों के बीच कोई निर्णयात्मक बात हुई। इस बीच अगर शिव सेना के संजय राऊत प्रधानमंत्री के उत्तराधिकारी वाली बहस न छेड़ते तो बातचीत का मसला न्यूज के हिसाब से फीका होकर एक किनारे लग गया होता। संजय राऊत से महाराष्ट्र के मुख्यमन्त्री देवेन्द्र फड़नवीस बहस में उतरे और यह कहा कि न तो भाजपा को कोई उत्तराधिकारी चाहिए और न इस मसले पर कोई चर्चा हुई। उन्होंने इस बात का भी खंडन किया कि मोदी का उत्तराधिकारी महाराष्ट्र से होगा। उनके अनुसार 75 वर्ष पर सक्रिय राजनीति से अलग होने का फैसला प्रधानमंत्री पर लागू नहीं होता और अगले चुनाव में भी नरेंद्र मोदी ही अगुआई करेंगे। संजय राऊत 75 वर्ष वाले मसले को उठाने के साथ फड़नवीस बनाम नितिन गडकरी जैसे सवालों को भी छेड़ रहे थे जो महाराष्ट्र और संघ परिवार की राजनीति के लिए काफी महत्व का है। लेकिन गौर से देखेंगे तो मोदी के उत्तराधिकार और भाजपा के अगले अध्यक्ष का सवाल पूरे मुल्क की राजनीति के हिसाब से काफी बड़ा है।



अरविन्द मोहन

> **दूसरे खेमे के नेता भाजपा और मुल्क को संभालकर आगे ले जा सकते हों इसमें उनके मुट्ठी भर दीवाने समर्थकों को छोड़कर किसी को भरोसा नहीं है। औरंगजेब के मकबरे के सवाल पर फड़नवीस और संभल के सवाल पर योगी सरकार के व्यवहार से यह साबित हुआ है कि ये नेता चाहे जितना फड़फड़ाएं, मोदी जी का विकल्प नहीं बन सकते।**

अब ऐसा भी नहीं है कि संघ प्रमुख और प्रधानमंत्री माइक/कैमरा लगाकर सारी चर्चा करते और हम आप सभी उनकी बातचीत और भाव भंगिमा को सीधे देख सुनकर जान जाते। ऐसा होता नहीं है। पर जिस तरह मोदी जी ने भाजपा के अपने से पुराने नेताओं की जमात को 75 पार के नाम पर सिरे से दरकिनार कर दिया उससे यह उत्सुकता तो होनी ही है कि उनका 75 पूरा होने पर क्या होता है। लेकिन इससे भी ज्यादा साफ मसला भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा लोक सभा चुनाव के पहले यह कहना था कि अब भाजपा को संघ की जरूरत नहीं है। वह खुद से सक्षम बन चुकी है। संयोग से उसके बाद उनका कार्यकाल भी खत्म होना था और चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन खराब भी रहा। सो जब नई सरकार में उनको मंत्री बना दिया गया तो उन्होंने इस्तीफा दिया और नया अध्यक्ष चुने जाने तक कामचलाऊ अध्यक्ष के रूप में काम किए जा रहे हैं। अब साल नजदीक आ रहा है और भाजपा नया अध्यक्ष नहीं चुन पाई है। जो बातें छन-छन कर सामने आती रहीं उनके अनुसार इसमें संघ द्वारा अपनी पसंद का आदमी लाना बड़ी वजह है जिससे साबित हों कि भाजपा अभी भी संघ से अलग नहीं है। दूसरी और व्यावहारिक बात भाजपा के कमजोर होने से संघ का हौसला बढ़ना है। और तब से यह काफी प्रचारित हुआ है कि राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भाजपा ने संघ के सहारे ही हारती बाजी को पलटा है।

इस लेखक की तरह काफी सारे लोग होंगे जिनकी दिलचस्पी भाजपा और संघ के संबंधों में किसके ऊपर और किसके नीचे होने में नहीं है। और यह गलतफहमी भी नहीं रखनी चाहिए कि कभी संघ और भाजपा जुदा होने या एक दूसरे का नुकसान करने जैसी स्थिति में आएंगे। पर हमारी दिलचस्पी नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी में जरूर है और इसका उनके 75 साल का होने से भी कोई मतलब नहीं है। आडवाणी जी, मुरलीमनोहर जोशी, कलराज मिश्र से लेकर रविशंकर प्रसाद तक को जब उनकी सम्पूर्ण सक्रियता और काम करने की इच्छा के बाद भी दरकिनार कर दिया गया तो शायद ही किसी को अच्छा लगा। उनकी भरपाई मोदी जी ने कुछ पूर्व नौकरशाहों और दूसरे क्षेत्र के लोगों को साथ लेकर पूरी की। तीन-तीन चुनाव जितवाने वाले, अपनी सक्रियता और सारी स्थितियों पर पूरा कंट्रोल रखने वाले मोदी जी सिर्फ उम्र की सीमा के चलते किनारे हो जाएं तो यह भी अच्छा नहीं होगा। लेकिन उनके उत्तराधिकार का सवाल उससे ज्यादा बड़ा है। और दस ग्यारह साल के अपने शासन काल में उन्होंने स्थिति खुद भी ज्यादा मुश्किल बना ली है। आज राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी को छोड़कर बाकी कोई नाम नहीं बचा है और अगर वे विकल्प बन सकते हैं तो मोदी में ही क्या हर्ज है।

मोदीजी के विकल्प का सवाल पूरे संघ परिवार या मोदी समर्थक जमात की मौजूदा स्थिति से भी जुदा है और इस लेखक ने जानबूझ कर अमित शाह का नाम दो बड़े लोगों के साथ नहीं जोड़ा क्योंकि उनका नाम आते ही उनके समर्थकों से ज्यादा विरोधी सक्रिय होंगे। वे कभी सारे लोगों या अधिकांश लोगों की पसंद नहीं बन सकते भले आज संगठन और सरकार में वे मोदी के बाद सबसे ताकतवर नेता हैं। लेकिन ऐसा मोदी जी के समर्थन और रणनीति के चलते है। असल में यह पूरा जमात आज दो धड़ों में बंटता दिखता है और शाह जी सिर्फ एक धडे को मान्य लगते हैं। वे कमोबेश मोदी जी की छाया बनाकर रह गए हैं, अपना आधार बनाना भूल गए हैं या उनका वैसा आधार नहीं रहा है. दूसरी ओर हिन्दुत्व की ज्यादा उग्र नई भाषा बोलने के उस्ताद योगी आदित्यनाथ और फड़नवीस ही नहीं भाजपा के ज्यादातर मुख्यमंत्री अपने-अपने आधार के साथ उसमें वृद्धि करते जा रहे हैं। अगर गोपनीय नाम वाले सोशल मीडिया समूहों की चर्चा को जरा भी भरोसेमंद मानें तो राजनाथ, गडकरी, शाह, नड्डा, शिवराज समेत सारे नरमपंथी हिंदुत्ववादी आज 'रायताज' खेमे में आ गए हैं. योगी, फड़नवीस, मोहन द्वय समेत ज्यादा उग्रवादी भाषा बोलने और बुलडोजर को राजनैतिक हथियार बनाने वाले नेता 'ट्रेडस' अर्थात असली ट्रेडिशनलिस्ट हैं। ट्रम्प समर्थक और विरोधियों वाला यह वर्गीकरण आज यहां भी आ गया है। आज तो संघ का पूरा नेतृत्व ही पहले खेमे में गिना जाने लगा है।

यह भी सच है कि दूसरे खेमे के नेता भाजपा और मुल्क को संभालकर आगे ले जा सकते हों इसमें उनके मुट्ठी भर दीवाने समर्थकों को छोड़कर किसी को भरोसा नहीं है। औरंगजेब के मकबरे के सवाल पर फड़नवीस और संभल के सवाल पर योगी सरकार के व्यवहार से यह साबित हुआ है कि ये नेता चाहे जितना फड़फड़ाएं, मोदी जी का विकल्प नहीं बन सकते। यह भी तय है कि ये लोग मोदी को छोड़कर किसी और को नेता नहीं मान सकते। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में लोक सभा चुनाव में जब इनको महत्व नहीं मिला तो भाजपा का प्रदर्शन इस बात की गवाही है कि इनको पार्टी को नुकसान करने में भी कोई परहेज नहीं रहता। इनके अपने से देश और पार्टी नहीं चलेगी लेकिन ये मोदी के अलावा किसी और नाम पर सहमत नहीं हों सकते। दूसरी ओर कथित 'रायताज' अर्थात उदारवादी धडे के किसी नेता द्वारा इनको अपने साथ रख पाना उससे भी ज्यादा मुश्किल है। कार्यक्षमता और सैद्धांतिक पोजीशन से नेतृत्व पाने और मनवाने के दिन तो काफी पहले से लद गए हैं। ऐसे में मोदी है तभी तक मौजूदा स्वरूप में भाजपा और सरकार का चलना मुमकिन है।



## ललित सुरजन की कलम से

### भारतीय समाज : रूग्णता के लक्षण

*'हम सोचते थे कि मोदी सरकार ने आधार कार्ड की आवश्यकता स्वीकार कर भारतवासियों को एक तरह से निश्चिंत कर दिया है कि तुम्हारे पास जब यह कार्ड है तो फिर और किसी अन्य तरह के पहचानपत्र की जरूरत नहीं है कि तुम भारतवासी हो या नहीं। लेकिन संघ और भाजपा के नेता जिस तरह के वक्तव्य शृंखलाबद्ध तरीके से और रोजाना किश्तों में दे रहे हैं उससे लगता है कि अपने भारतीय होने का पहचानपत्र देने के लिए हर हिन्दुस्तानी को अब सरसंघचालक द्वारा स्थापित फ्रेंचाइजी पर जाना पड़ेगा। संभव है कि कल तक योग सिखाने वाले उद्योगपति रामदेव ये फ्रेंचाइजी ले लें और पतंजलि बिस्किट, नूडल्स, केश तेल, घी इत्यादि के साथ-साथ देश भर में फैली उनकी दुकानों पर पहचानपत्र बिक्री का भी काउंटर खुल जाए। अगर कोई कमी होगी तो अपने भक्तों के बीच श्री श्री कहलाने वाले रविशंकर या गुरमत राम-रहीम की दुकानों से उनका वितरण किया जा सकेगा।'*

**(देशबन्धु में 07 अप्रैल 2016 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/04/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### श्रेष्ठता के लिए करें स्वयं को होम

मित्रो! श्रेष्ठता के लिए आदर्शवादिता के लिए अपने आप को होम कर देना, अपने आप को खतम कर देना, उसी के लिए संभव है, जिसके मन में से बेहिसाब करुणा टपकती हो, जहां कहीं भी हम देखते हैं, हमको करुणा ही दिखाई पड़ती है, जो आदमी की उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाती चली जाती है। जितने भी अच्छे श्रेष्ठ आदमियों को हम देखते हैं, वे सब करुणा से भरे हुए हैं। जापान में कागाबा को गांधी कहते हैं, जैसे कि हिंदुस्तान के गांधी थे। कागाबा कौन है? बेटे कागाबा उस आदमी का नाम है जिसने एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद में यह निश्चय किया कि अपनी बची हुई जिंदगी को दुखियारों के लिए खर्च करूंगा। जिन मुहल्लों में पीड़ित लोग रहते थे, शराबी, बीमार, कोढ़ी लोग रहते थे, उसी जगह उन्होंने अपनी झोपड़ी डाल ली और जिंदगी भर दरिद्रनारायण की सेवा में समर्पित हो गए। पचास रुपए में अपना गुजारा करने वाले जापान के गांधी कागाबा सारे के सारे दुखियारों की, दीनों की, पीड़ितों-पतितों की सेवा करने में लगे रहे। जापान की गवर्नमेंट ने, जनता ने उन्हें भरपूर सहायता दी।

मित्रो, भगवान की सहायता किसको मिली? जिनके पास कलेजा और हृदय है। आपके पास हृदय है कहां? जरा अपनी छाती पर हाथ रखकर देखें। अक्ल तो है, पर कितनी बड़ी है? जालिम अक्ल, बेईमान, अक्ल, दुष्ट अक्ल, पापी अक्ल, पतित अक्ल, और कमीनी अक्ल हमारे ऊपर के हिसाब रूप से हावी हो गई और हमको न जाने क्या से क्या कराती है, न जाने कितने तरह के जाल बुनने को हमें मजबूर करती है और न जाने कहां-कहां हमको भटकाती और ले जाती है। बेटे यह अक्ल एक कोने पर लेकिन जहां तक आध्यात्मिक जीवन का संबंध है, जहां तक भगवान को भक्ति का संबंध है, जहां तक मनुष्य की श्रेष्ठता और शालीनता का संबंध है, जहां तक भगवान की भक्ति का संबंध है, जहां तक मनुष्य की श्रेष्ठता और शालीनता का संबंध है, ये सारी की सारी बातें हृदय से ताल्लुक रखती हैं। ये आदमी की उदारता से ताल्लुक रखती है। ये आदमी की श्रद्धा से ताल्लुक रखती है भक्ति से ताल्लुक रखती है। जो आदमी कोमल हृदय वे होगा, वह अकेले खा नहीं सकता, जमा नहीं कर सकता, अमीर नहीं बन सकता, क्योंकि उसके सामने हजारों हाथ पीड़ितों के चारों ओर फैले दिखाई पड़ेंगे। वह खा नहीं सकता। ईश्वचंद्र विद्यासागर ने देखा कि अमीरी और गरीबी और पिछड़ापन समाज में अभी भी विद्यमान है, जो हमारे समय में था। हमारे पिता सुविधा नहीं जुटा पाए। हम किताबें मांग करके लाते और स्ट्रीट लाइट के नीचे खड़े होकर पढ़ते थे। यदि आज भी ऐसे विद्यार्थी हैं तो उनकी मुझे सहायता करनी चाहिए। उनके ईमान ने सोचा कि जो भगवान गरीबों के रूप में हजारों-हजार हाथों से आदमी से मांगता और पुकारता है, उसके लिए मुझे कुछ करना चाहिए।

मित्रो, अगर ईमान हमारे और आपके भीतर हो तब, उदार हृदय हमारे पास हो तब? पर हम तो हृदयहीन हैं। हृदय कहीं से धड़कता तो है, यह लोहार की धौंकनी के तरीके से है। इसमें करुणा का नाम भी नहीं। दया, उदारता का नाम भी नहीं है। इसमें तो महत्वाकांक्षाएं, लालसाएं और लिप्साएं इतनी ज्यादा जमा हो गई हैं कि यहां आकर के भगवान क्या करेगा? यहां आकर के देवी क्या करेगी? यहां आकर केआध्यात्मिकता क्या करेगी? ईश्वरचंद्र विद्यासागर को पांच सौ रुपए तनख्वाह मिलती थी। उन्होंने अपने घरवालों से कहा कि आप लोगों को पचास रुपए महीने में ही गुजारा करना पड़ेगा। आपके ऊपर ज्यादा खर्च नहीं किया जा सकता। चार सौ पचास रुपए महीने के बारे में उन्होंने यह व्यवस्था बनाई कि जो विद्यार्थी यह अनुभव करते हों कि हमारे पास किताबें, पेंसिल, मिट्टी के तेल, फीस आदि की कमी है या दूसरी चीजों की कमी है तो वे हमारे घर से ले जाया करें। सब बच्चे आते और अपनी जरूरत की चीजें ले जाते। मित्रो, उस जमाने में भले ईमानदार आदमी रहे होंगे, लेकिन आजकल जैसे बेईमान और चालाक कम है? आज तो फीस कम करवाने धनवानों के बच्चे अपने रिश्तेदारों के नाम पर फीस माफ करवा लेते हैं और जो वास्तव में जरूरतमंद हैं, वे गरीब रह जाते हैं। आज सब बंटाधार होता चला जा रहा है किसी जमाने में लेने वालों में भी शराफत थी और देने वालों में भी शराफत थी। केवल वे ही विद्यार्थी पाते थे, जो पाने के हकदार होते थे। चार सौ पचास रुपए में हजारों विद्यार्थी लाभ उठाते। कोई पेंसिल, कोई मिट्टी का तेल, कोई कापी, कोई फीस मांग ले जाते। चार सौ पचास रुपए में सैकड़ों हजारों बच्चे को पढ़ते देख विद्यासागर निहाल होते थे।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### अचल संपत्ति का विवरण नहीं देने वालो अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो

लोक शिकायत कानून संबंधी संसदीय समिति ने बीते वर्ष अधिकारियों की ओर 91 उच्च अधिकारियों द्वारा अचल संपत्ति का विवरण नहीं दिए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

नौकरशाही में भ्रष्टाचार एक गंभीर समस्या है जो हमारे देश की प्रगति में बाधा डालती है। यह समस्या तब और भी गंभीर हो जाती है जब अधिकारी अपनी संपत्ति का विवरण नहीं देते हैं और नियमों से ऊपर समझने लगते हैं। भारत में नौकरशाही का मौजूदा स्वरूप ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन की देन है। इसके कारण यह वर्ग आज भी अपने को आम भारतीयों से अलग, उनके ऊपर, उनका शासक और स्वामी समझता है। अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए यह वर्ग जितना सचेष्ट रहता है, आम जनता के हितों, जरूरतों और अपेक्षाओं के प्रति उतना ही उदासीन रहता है।

भारत में भ्रष्टाचार एक पुरानी समस्या है जिसके कारणों में अत्यधिक नियम, जटिल कर और लाइसेंस प्रणाली, अपारदर्शी नौकरशाही और विवेकाधीन शक्तियों वाले कई सरकारी विभाग शामिल हैं। इसके अलावा, भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार की ओर से भी लापरवाही बरती जाती है, जिससे समस्या और भी गंभीर हो जाती है।


इस समस्या का समाधान निकालने के लिए जरूरी है कि अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाए और उनके अधिकारों में कटौती की जाए। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके ऑनलाइन प्रणाली बनाई जा सकती है जिससे अधिकारियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके।

जटिल नियमों और लाइसेंस प्रणाली को सरल बनाने से भ्रष्टाचार के अवसर कम हो सकते हैं। इन कदमों को उठाने से भ्रष्टाचार की समस्या को कम किया जा सकता है और हमारे देश की प्रगति में मदद मिल सकती है।

**सुभाष बुड़ावनवाला, दिल्ली**

# खेल जगत

**हमारा लक्ष्य खिताब जीतना और प्रशंसकों के साथ खुली बस परेड में जश्न मनाना : अर्शदीप**



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आईपीएल में 18 साल से चले आ रहे खिताबी अंतराल को खत्म करने और चंडीगढ़ में खुली बस परेड में प्रशंसकों के साथ इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए अपनी टीम की ताकत पर भरोसा कर रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब ही ऐसी टीमें हैं जिन्होंने टूर्नामेंट के इतिहास में कभी खिताब नहीं जीता है। अर्शदीप, जो भारत की सफेद गेंद वाली लाइन-अप में एक मुख्य खिलाड़ी बन गए हैं, अपनी प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्ध हैं और उन्हें उम्मीद है कि श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में इस सीजन में चीजें बदल जाएंगी। अर्शदीप ने जियोहॉटस्टार के शो 'जेन बोल्ड' पर कहा कि जिंदगी में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं आया है; यह अभी भी वैसा ही है, लेकिन यह मजेदार है। जैसा कि वे कहते हैं, बदलाव ही एकमात्र स्थिर चीज है।

# भारत की सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर वंदना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा

- वंदना ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 320 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल 158 गोल किए
- अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने का सही समय था

**सत्येन्द्र पाल सिंह**



**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (देशबन्धु)। हरिद्वार में बीएचईएल से एकदम सटे छोटे से गांव रोशनाबाद से आकर भारत ही नहीं दुनिया की सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर के रूप में करीब डेढ़ दशक तक छाई रहने कय 32 बरस की वंदना कटारिया ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा दिया। वंदना कटारिया भारत की अपनी तरह कामयाब स्ट्राइकर रही पूर्व कप्तान रानी रामपाल की समकालीन उनके भारत के लिए कामयाब अंतरराष्ट्रीय हॉकी करियर की सबसे बड़ी सहयात्री रही।वंदना कटारिया को 2021 में अर्जुन अवॉर्ड और 2022 में पदमश्री से नवाजा गया। वंदना को 2014 में हॉकी इंडिया के बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड और 2021 मं हॉकी इंडिया उत्कृष्ट योगदान के लिए हॉकी इंडिया प्रेसिडेंट अवॉर्ड 2021 और 2022 धनराज पिल्लै अवॉर्ड से नवाजा गया, वंदना कटारिया को भारत के लिए सबसे ज्यादा 320 अंतरराष्ट्रीय हॉकी हॉकी मैच खेल 158 गोल करने का गौरव हासिल है।रानी रामपाल ने 24 अक्टूबर, 2014 को भारत के लिए 254 अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच खेल 120 गोल कर अंतराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा था। वंदना कटारिया की हॉकी यात्रा भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने और गोल करने के साथ प्रेरणादायक विरासत, जीवट व संकल्प के साथ भारतीय हॉकी को लगातार नई बुलंदियों पहुंचाने की कहानी है। वंदना कटारिया अपनी समकालीन रानी रामपाल की तरह भारत की वंदना कटारिया 2020 के टोक्यो ओलंपिक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हैट्रिक जमा भारत के लिए इन खेलों में महिला हॉकी में यह कारनामा करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने का गौरव पाया था।

## द.अफ्रीका के खिलाफ ओलंपिक में हैट्रिक सबसे भावुक क्षण

अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने वाली वंदना कटारिया ने भारत के लिए अपना अंतिम मैच फरवरी, 2024-25 में बीते महीन एफआईएच प्रो हॉकी लीग में भुवनेश्वर में खेला। वंदना कटारिया ने कहा,' अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने का फैसला लेना आसान नहीं था, लेकिन मैं जानती हूं यह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने का सही समय था। हॉकी मेरी जिंदगी रही है और भारत की जर्सी पहन भारत के लिए खेलना सबसे बड़ा सम्मान है। हर यात्रा का अपना तय रास्ता होता है। मैं हॉकी के प्रति गर्व, पयार के इसे अलविदा कह रही हूं। भारतीय हॉकी सही हाथों में है और मैं हमेशा इसकी समर्थक रहूंगी। मैं भारतीय हॉकी टीम के लिए अपनी डेढ़ दशक की यात्रा में अपने हॉकी उस्तादों, अपनी साथियों , सपोर्ट स्टाफ, हॉकी इंडिया और परिवार के साथ उन सभी हॉकी प्रेमियों जिन्होंने बरसो मेरा सर्थन किया आभारी हूं। मेरे लिए अपने प्रशंसकों का मेरा उत्साह बढ़ाने के लिए हर शब्द बेहद अहम है।ओलंपिक खेल वाकई खास और 2020के ओलंपिक में हैट्रिक जमा अपनी भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका पर 4-3से जीत दिलान क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचना मेरे हॉकी करियर का सबसे भावुक क्षण था, मैं आपने देश के लिए सब कुछ झोंक देना चाहती थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ओलंपिक में हैट्रिक जमाना मेरे हॉकी करियर का सबसे भावुक क्षण था।

## भारतीय हॉकी टीम के आक्रमण की धड़कन रही वंदना : दिलीप



भारत के चार ओलंपिक खेलने वाले पूर्वकप्तान हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ.दिलीप तिर्की ने वंदना के भारतीय हॉकी में योगदान को सराहते हुए कहा, ' वंदना मात्र गोल स्कोरर ही नहीं भारतीय हॉकी टीम के आक्रमण की धड़कन, अनुकरणीय हॉकी की बानगी दिखाने वाली खिलाड़ी और पूरी शिद्दत से टीम के लिए खेलनी वाली हाकी खिलाड़ी रही वंदना की अग्रिम पंक्ति में मौजूदगी खासतौर पर दबाव की स्थिति में खासतौर पर भारत का पलड़ा भारी कर देती थी। भारतीय हॉकी को वैश्विक मंच पर बुलंझी पर पहुंचाने में वंदना का अहम योगदान रहा। वंदना ने भारतीय हॉकी की आने वाली पीढ़ियों के लिए मानक कायम किया। हॉकी इंडिया को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। हम उनके शानदार भविष्य की कामना करते हैं।

## वंदना का टोक्यो का ओलंपिक प्रदर्शन बरसो याद किया जाएगा : भोलानाथ



हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'वंदना की हॉकी यात्रा बेहद प्रेरक रही। वंदना ने अपने शुरुआती दिनों से लेकर भारतीय हॉकी की धुरंधर खिलाड़ी बनन तक गजब का कौशल और प्रतिबद्धता दिखाई । वंदना का अहम मैचों खासतौर पर टोक्यो ओलंपिक में अहम प्रदर्शन बरसो याद किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह वंदना जीवट, उत्कृष्टता व प्रेरणा की ऐसी विरासत छोड़ गई हैं भारतीय महिला हॉकी के आने वाले सितारों का मार्गदर्शन करेंगी।

# बेंगलुरु, गुजरात के बीच मुकाबले में बड़ा स्कोर बनने की संभावना

**बेंगलुरु,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटन्स (जीटी) के बीच बुधवार को बल्लेबाजों के अनुकूल रहने वाली एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पर होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 14वें मैच बड़े स्कोर बनने की संभावना है। अपने शुरुआती मुकाबलों में लगातार जीत से उत्साहित आरसीबी घरेलू मैदान का फायदा उठाने का प्रयास करेगी। वहीं पिछली हार को भुलाकर गुजरात टाइटन्स अपनी लय को बरकरार रखना चाहेगी। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विराट कोहली का शानदार रिकार्ड रहा है। यहां उन्होंने 89 मैचों में 40.53 की औसत से 3,040 रन बनाए हैं। कोहली ने आईपीएल में सबसे ज्यादा आठ शतक बनाए हैं। कोहली, फिलिप साल्ट और रजत पाटीदार के साथ मिलकर आरसीबी के लिए एक मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप बनाते हैं। जॉश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार की अगुआई वाली आरसीबी की गेंदबाजी इकाई ने भी पिछले मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें हेजलवुड ने दो मैचों में सिर्फ 5.37 की औसत से पांच विकेट लिए हैं। लियाम लिविंगस्टोन और क्रुणाल पांड्या स्पिन विभाग में गहराई प्रदान करते हैं। गुजरात टाइटन्स के लिए, साई सुदर्शन प्रमुख बल्लेबाज के रूप में उभरे हैं। उन्होंने इस सत्र में लगातार अर्धशतक जड़े हैं और टीम के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर से पारी को संभालने और बड़ा स्कोर बनाने की उम्मीद है। गेंदबाजी आक्रमण की बात की जाये तो कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा आरसीबी की बल्लेबाजी को चुनौती देने की क्षमता रखते हैं।



### आज होने वाले मैच के लिए इन खिलाड़ियों में से ही एकादश का चयन होना है

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), स्वास्तिक चिकारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, फिलिप साल्ट, मनोज भंडागे, टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, लियाम लिविंगस्टोन, रोमारियो शेफर्ड, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, भुवनेश्वर कुमार, जॉश हेजलवुड, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, यश दयाल, रसिख दार सलाम, सुयश शर्मा, मोहित राठी, अभिनंदन सिंह।

**गुजरात टाइटंसः** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, जॉस बटलर, राशिद खान, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, निशांत सिंधु, रविश्रीनिवासन साई किशोर, गेराल्ड कोएट्जी, जयंत यादव, अरशद खान, करीम जानत, शेरफेन रदरफोर्ड, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मानव सुथार, गुरनूर बराड़, इशांत शर्मा, कगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज।

# एक-दूसरे पर बढ़त बनाने के लिए भिड़ेंगे बेंगलुरू एफसी और एफसी गोवा



**बेंगलुरू,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। बेंगलुरु एफसी बुधवार को शाम 7:30 बजे श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के पहले सेमीफाइनल के पहले चरण के मुकाबले में एफसी गोवा की मेजबानी करेगी, तो दोनों टीमों का लक्ष्य जीत से बढ़त लेकर दबदबा बनाना होगा। ब्लूज ने सिंगल-लेग नॉकआउट मुकाबले में मुम्बई सिटी एफसी को 5-0 से रौंद कर डबल-लेग सेमीफाइनल दौर में प्रवेश किया है, जबकि गौर्स ने 24 मैचों में 14 जीत, छह ड्रा और चार हार से 48 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर रहकर लीग चरण समाप्त करके सीधे सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। गौर्स बेंगलुरू एफसी के खिलाफ चार मैचों से अपराजित हैं, इस दौरान उन्होंने दो मैच जीते और दो ड्रा खेले हैं। हालांकि, ब्लूज के साथ अपने पिछले प्लेऑफ मुकाबले में एफसी गोवा 0-1 से हारी थी, जो कि आईएसएल 2018-19 का फाइनल था। वहीं, ब्लूज का एफसी गोवा के खिलाफ घरेलू मैदान पर शानदार रिकॉर्ड रहा है, वे पिछले छह मैचों में अपराजित रहे हैं, जिनमें चार जीत शामिल है और श्री कांतीरवा में पिछले दो मैच ड्रा रहे हैं।

### ब्लूज का मौजूदा फॉर्म

**प्लेऑफ फॉर्मः** ब्लूज अपने पिछले दो प्लेऑफ मैचों (1 जीत, 1 ड्रा) में अपराजित रहे हैं। उन्होंने मार्च 2019 और 2020 के बीच लगातार तीन मैच जीते थे और प्रत्येक में क्लीन शीट रखी थी।

**रणनीतिक रिकॉर्ड :** हेड कोच जेरार्ड जारागोजा ने आइलैंडर्स पर 5-0 की शानदार जीत के रूप में आईएसएल में अपना पहला प्लेऑफ मुकाबला जीता।

**गौर्स का प्लेऑफ रिकॉर्ड नॉकआउट चरण में परेशानीः** गौर्स अपने पिछले दो आईएसएल प्लेऑफ मैचों में हारे हैं, ये दोनों मैच अप्रैल 2024 में मुम्बई सिटी एफसी के खिलाफ खेले गए थे।

# मैंने बस अपनी प्रक्रिया का पालन किया, इस पुरस्कार की कभी उम्मीद नहीं थी : अश्विनी कुमार



- आईपीएल में अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले अश्विनी को अपना पहला प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला

**मुंबई,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। जब वह मुंबई इंडियंस में एक अनुभवहीन अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में शामिल हुए, तो अश्विनी कुमार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मैच खेलने का मौका मिलने के बारे में निश्चित नहीं थे, क्योंकि मुंबई के पास कप्तान हार्दिक पांड्या के अलावा जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान जैसे बड़े नाम वाले गेंदबाज थे। लेकिन पीठ की चोट के कारण बुमराह की अनुपलब्धता और मुजीब की खराब फॉर्म ने उनके लिए दरवाजे खोल दिए और पंजाब के 23 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच जीतने वाले 4-24 विकेट लेकर इसे दोनों हाथों से लपक लिया। यह न केवल अश्विनी का पहला चार विकेट लेने का कारनामा था, बल्कि आईपीएल में पदार्पण करने वाले किसी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। आईपीएल में अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले अश्विनी को अपना पहला प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला और खिलाड़ियों ने इसे उनके लिए बड़ी बात बताया। मयंक यादव और उमरान मलिक की तर्ज पर आईपीएल में सनसनीखेज पदार्पण करने वाले अश्विनी ने कहा कि मेरे लिए यह बड़ी बात है कि मुझे यह अवसर मिला और मुझे यह पुरस्कार मिल रहा है। मैंने इसके बारे में कभी नहीं सोचा था, बस अपनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया और (यह पुरस्कार पाकर) खुश हूं। मैं मोहाली जिले के झंझेरी से हूं - वहां से यहां तक आना, यह मेरी कड़ी मेहनत का नतीजा है और भगवान की कृपा से मैं यहां हूं। अश्विनी ने कहा कि वह अपने पदार्पण से पहले थोड़े नर्वस थे, लेकिन अवसर का उपयोग करने को लेकर आश्वस्त भी थे। घर पर लोगों को उनके संदेश के बारे में पूछे जाने पर, अश्विनी ने कहा कि मैं आने वाले मैचों में आप सभी को गौरवान्वित महसूस कराना चाहता हूं। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज रयान रिकेल्टन, जिन्होंने विकेटकीपर के रूप में अश्विनी की गेंदबाजी का अनुभव किया, ने कहा कि यह लंबा तेज गेंदबाज उम्मीद से

## सार संक्षेप

### जीएनसीटी ने मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग अर्बन को 11-0 रौंदा

**नई दिल्ली।** डीएसए इंस्टिट्यूशनल फुटबाल लीग में मंगलवार को खेले गये मुकाबले में जीएनसीटी (दिल्ली सरकार) ने मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन को 11-0 से रौंदकर अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। आज यहां विनोद नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में खेले गए दिन के पहले मैच में ई एस आई सी ने रिजर्व बैंक को 6-0 से हराया। ईएसआईसी के लिए धीरज कुमार ने दो, प्रवीण रावत, पुष्पेंद्र कुंडू, सुमित रावत और शिखर खन्ना ने एक-एक गोल किये। जीएनसीटी की जीत का हीरो रहे संजय ने हैट्रिक जमाई। अखिल और रोहित ने दो दो गोल किए। मोहित, लक्ष्य, एरिक और अभिनव ने एक एक गोल बांटे। दोनों ही मैचों में पराजित टीमें अपने कुछ नियमित खिलाड़ियों के बिना उतरी और उन्हें शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन की बड़ी हार का कारण उसके नियमित खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी रही।

### चैपमैन पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच से हुए बाहर

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्क चैपमैन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पाकिस्तान के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हो गये हैं। उनकी जगह टिम सीफर्ट को टीम में शामिल किया गया है। चैपमैन ने नेपियर में सीरीज के पहले मैच में शानदार शतक बनाकर अपनी टीम को 73 रनो से जीत दिलाई थी। लेकिन क्षेत्ररक्षरण के दौरान चैपमैन ने मांसपेशियों में खिंचाव की शिकायत की और बाद किये स्कैन में प्रभावित क्षेत्र में ग्रेड वन टियर का पता चला।चैपमैन अपने स्वास्थलाभ की शुरुआत करने के लिए ऑकलैंड लौटेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड का मानना है कि मार्क शनिवार को माउंट माउंगानुई में सीरीज के तीसरे मैच के लिए समय पर वापस लौट आयेंगे। स्टीड ने कहा कि नेपियर में पहले एकदिवसीय में एक बहुत ही खास पारी खेलने के बाद यह मार्क के लिए निश्चित रूप से निराशाजनक खबर है।

### इटली में छाईं गुजरात की मनोदिव्यांग आशाबेन, पिंकलबेन

**गांधीनगर।** इटली के ट्यूरिन में आयोजित स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स (विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल) में गुजरात की दो मनोदिव्यांग आशाबेन ठाकोर और पिंकलबेन चौहान खिलाड़ियों ने डंका बजाया है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि मेहसाणा की आशाबेन ठाकोर और दाहोद की पिंकलबेन चौहान ने ट्यूरिन में फ्लोरबॉल खेल में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम योगदान दिया। भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका वाली गुजरात की इन बेटियों ने अपने अद्भुत खेल कौशल से गुजरात और भारत का नाम रोशन किया है।

# बेन स्टोक्स काउंटी चैंपियनशिप से बाहर



- ऑलराउंडर स्टोक्स (33) छह महीने में दूसरी बार हैमस्ट्रिंग से जूझ रहे हैं

**लंदन,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत बनाम इंग्लैंड के साथ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है। टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण डरहम के काउंटी चैंपियनशिप से बाहर हो गये है। वह हालांकि हैमस्ट्रिंग सर्जरी से उबर रहे हैं। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार मुख्य कोच रयान कैंपबेल ने यह जानकारी दी। कैंपबले को भरोसा है कि ऑलराउंडर स्टोक्स इंग्लैंड के ग्रीष्मकालीन मुकाबलों के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऐंगे। ऑलराउंडर स्टोक्स (33) छह महीने में दूसरी बार हैमस्ट्रिंग से जूझ रहे हैं। न्यूजीलैंड में इंग्लैंड के अंतिम टेस्ट के दौरान हुई वह चोटिल हो गए थे, तब से लेकर स्टोक्स ने कोई मैच नहीं खेला है, लेकिन हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह गेंदबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑलराउंडर स्टोक्स शुक्रवार से शुरू हो रही काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पायेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद डरहम और इंग्लैंड के उनके साथी खिलाड़ी ब्रायडन कार्से अब अपनी पैर की अंगुली की चोट से उबर रहे हैं।

# वैगनर ने प्लंकेट शील्ड जीत के साथ न्यूजीलैंड के घरेलू क्रिकेट से संन्यास लिया



- प्लंकेट शील्ड का अंतिम राउंड नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के लिए जीतना जरूरी था

**डुनेडिन,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट ने मंगलवार को डुनेडिन में प्लंकेट शील्ड प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में निर्णायक जीत हासिल की, जो 2011/12 के बाद पहली बार है। नील वैगनर के लिए यह एक भावुक क्षण था, जिन्होंने अपने घरेलू करियर का समापन उसी मैदान पर किया, जहां से उन्होंने 2008 में शुरुआत की थी। संयोग से, वैगनर का पहला मैच ओटागो के लिए नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के खिलाफ था। उन्होंने 2018/19 सत्र के लिए नॉर्दर्न की ओर कदम बढ़ाया। कीवी पेसर ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया और अब उन्होंने एकमात्र ऐसा सम्मान हासिल कर लिया है, जो उन्हें 17 वर्षों में नहीं मिल पाया था। वैगनर ने कहा कि निश्चित रूप से ऊपर। हाँ, सबसे ऊपर चेरी, जैसे कि यह बस, इससे बेहतर अंत की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। प्लंकेट शील्ड उन कुछ चीजों में से एक है जिसे मैं एक टीम के रूप में कभी हासिल नहीं कर पाया, और यहां अपने आखिरी गेम में ऐसा करना निश्चित रूप से बकेट लिस्ट से एक टिक है और एक बहुत ही खास दिन है। यह न्यूजीलैंड में एक बहुत ही खास समय को समाप्त करने का एक अच्छा तरीका है। प्लंकेट शील्ड का अंतिम राउंड नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के लिए जीतना जरूरी था। पॉइंट टेबल पर शीर्ष तीन दावेदारों (नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट, कैंटरबरी और वेलिंगटन) के करीबी होने के कारण, उन्हें शील्ड को सुरक्षित करने के लिए सीधी जीत के अंकों की आवश्यकता थी। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के कप्तान जीत रावल के लिए ओटागो वोल्ट्स ने चौथे दिन आसान शिकार नहीं बनाए। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट को सात विकेट की जरूरत थी, और वोल्ट्स को 287 रन चाहिए थे।

# ब्रैथवेट ने टेस्ट कप्तानी छोड़ी, शाई होप होंगे टी-20 टीम के कप्तान

**एंटीगुआ,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। क्रिकेट वेस्टइंडीज बोर्ड ने एकदिवसीय टीम के कप्तान के रूप में जहां शाई होप को टी-20 प्रारूप की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं टेस्ट कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने लंबे प्रारूप में कप्तानी छोड़ दी है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सोमवार को टीम के कप्तान को लेकर बदलाव की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए ब्रैथवेट के उत्तराधिकारी की नियुक्ति नहीं की है। एकदिवसीय कप्तान शाई होप को टी-20 टीम की जिम्मेदारी दी गई है। वह रोवमैन पॉवेल की जगह लेंगे। ब्रैथवेट को 2021 में टेस्ट कप्तान बनाया गया था। उनके नेतृत्व में, वेस्टइंडीज ने 2024 में 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की। गाबा में एक यादगार जीत दर्ज की। इस साल की शुरुआत में, ब्रैथवेट ने वेस्टइंडीज को पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत दिलाकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023/25 अभियान का समापन किया।

# गोल्फ धीरे-धीरे हमारे देश में बढ़ रहा है : अर्जुन भाटी

- मैं और मेरी फैमिली बहुत आभारी हैं, इस अवार्ड के लिए बहुत खुश और रोमांचित हैं



**2018 के वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने के बाद विराट कोहली फाउंडेशन ने मुझे अपना एथलीट बनाया, सपोर्ट किया : अर्जुन**

**नई दिल्ली,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार के लिए चुने गए युवा गोल्फर अर्जुन भाटी ने कहा है कि बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी फैमिली बहुत आभारी हैं, इस अवार्ड के लिए बहुत खुश और रोमांचित हैं। इस अवॉर्ड के लिए मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत सरकार का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे इस अवार्ड के लिए चुना, मुझे इस लायक समझा। अर्जुन ने कहा कि मैंने कोरोना के टाइम पर अपनी 102 ट्रॉफी को बेच दिया था। उससे चार लाख 30000 रुपये आए थे। उसको मैंने प्रधानमंत्री पीएम केयर फंड में डोनेट किया था। मेरा उद्देश्य था था कि जैसे भी हो देश को सेवा करो। मेरी दादी ने अपने 1 साल का पेंशन मुझे डोनेट करने के लिए दिया था, वहीं से यह भाव आया कि मुझे भी देश के लिए कुछ करना है। गोल्फ से हटकर मैं इसी प्रकार से देश की सेवा कर सकता था इसलिए मैंने यह किया। उन्होंने कहा कि गोल्फ धीरे-धीरे हमारे देश में बढ़ रहा है अवेयरनेस बढ़ रहा है काफी सारे लोग गोल्फ को पिकअप कर रहे हैं। हमारा जो टूर है कपिल देव सर उसके प्रेसिडेंट बन गए हैं। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया की काफी नई स्कीम आ रही है। हमारे देश में गोल्फ बढ़े, पूरे विश्व को पता चले कि भारत में भी काफी अच्छे अच्छे गोल्फर्स हैं। मैं यही कहना चाहूंगा कि गोल्फ धीरे-धीरे बढ़ रहा है, काफी सारे युवाओं को बढ़ावा मिल रहा है लोग पिकअप कर रहे हैं। हमारे देश के प्लेयर अच्छा करेंगे तो काफी सारे देश को पता चलेगा कि इंडियन प्लेयर भी काफी अच्छा गोल्फ खेलते हैं। उन्होंने कहा कि मैं जब 9 साल का था तब मैंने पहली बार गोल्फ खेला था। गोल्फ मैंने पहली बार स्कूल में खेला था वहां से मैंने लोगों को देख-देख के धीरे-धीरे शुरुआत की। शुरुआत में पेरेंट्स का इतना सपोर्ट नहीं था क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि मैं गोल्फ खेलूं, क्योंकि 10 साल पहले इतनी अवेयरनेस नहीं थी। लेकिन फिर उनको लगा कि मैं गोल्फ खेलना चाहता हूं अच्छा कर रहा हूं तब से उन्होंने मुझे बहुत सपोर्ट किया वहीं से मेरी शुरुआत हुई थी। पिछले 10 वर्षों से मैं गोल्फ खेल रहा हूं। 3 साल पहले मैं प्रोफेशनल बना था 2023 में हमें अवार्ड मिला था। अर्जुन ने कहा कि 2018 के वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने के बाद विराट कोहली फाउंडेशन ने मुझे अपना एथलीट बनाया, सपोर्ट किया। 2019 में इंडियन स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स में जो मुंबई में इवेंट होता है, उसमें विराट कोहली से मुझे मिलने का मौका मिला। ऐसी चीज किसी को भी स्पोर्ट्स पर्सन को इंस्पायर करती है। भारत में करने के लिए शुरुआत से विराट कोहली मेरे इंस्पिरेशन रहे हैं वह कैसे खेलते हैं उनके फिटनेस लेवल, यह सारी चीज उनसे मिलकर मुझे ज्यादा इनकरेजमेंट मिली है, मैं इंस्पायर हुआ हूं मैंने धीरे-धीरे अपना बेहतर करने की कोशिश की है। उन्होंने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि नीरज चोपड़ा भैया है गोल्ड मेडल ओलंपिक से लेकर आए।

# ऑस्ट्रेलिया ने नई अनुबंध सूची में तीन नए खिलाड़ियों को किया शामिल

**सिडनी,** 1 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने 2025-26 के लिए राष्ट्रीय अनुबंध की नयी सूची में तीन यूवा खिलाड़ी सैम कोन्स्टास, मैथ्यू कुहनेमैन और ब्यू वेबस्टर को जगह दी गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने केंद्रीय अनुबंध करने वाले 23 खिलाड़ियों की नई सूची जारी की है इनमें बल्लेबाज सैम कोन्स्टास, स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को शामिल है। वहीं ऑलराउंडर आरोन हार्डी, तेज गेंदबाज सीन एबॉट और स्पिनर टॉड मर्फी का अनुबंध आगामी 12 महीनों के लिए समाप्त कर दिया गया है। कूपर कोनोली और जेक फ्रेजर-मैकर्ग्क को भी इस सूची में जगह नहीं दी गयी। कोनस्टास ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय अनुबंध में जगह बनाई। जबकि कुहनेमन को श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की जीत में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। सिडनी में वेबस्टर ने भारत के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान देकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया तथा श्रीलंका में दो और टेस्ट मैचों में भी अपना योगदान जारी रखा।

### विद्युत वितरण कंपनी में आला अफसरों के संरक्षण में चल रही मनमानी

# 3 साल पहले हुआ तबादला फिर भी जमे हैं प्रभारी अधीक्षक यंत्री

◆ अवधेश वर्मा,ब्यूरो प्रमुख

**टीकमगढ़, देशबन्धु** ।प्रदेश सरकार ने सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और कामकाज में पारदर्शिता लाने के मकसद से तबादला नीति भले हो, इसके वावजूद भी अधीक्षण अभियंता संचा/संधा कार्यालय टीकमगढ़ में पदस्थ प्रभारी अधीक्षण अभियंता सरोज कुमार त्रिपाठी की मनमानी के चलते तबादला नीति के आदेश को ठेंगा दिखाया जा रहा है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड प्रबंध संचालक पूर्व क्षेत्र जबलपुर के 2747/2022 स्थानांतरण आदेश दिनांक 7 अप्रैल 2022 प्रभारी अधीक्षण अभियंता सरोज कुमार त्रिपाठी कार्यपालन अभियंता का टीकमगढ़ से मुख्य अभियंता प्रवर्तन सागर ट्रांसफर हुआ था।

लेकिन प्रभारी अधीक्षण अभियंता सरोज कुमार त्रिपाठी की पहुंच विभाग के आला अफसरों से लेकर राजनैतिक संरक्षण के कारण अपनी पहुंच लिफाफे की दम पर ट्रांसफर आदेश जारी होने के वावजूद भी तीन साल से अधिकारियों की मिलीभगत से रिलीव तक नहीं किया है। वहीं नियमों को दरकिनार करते हुए कार्यपालन अभियंता सरोज कुमार त्रिपाठी को प्रभारी अधीक्षण अभियंता के पद पर तीन सालों से अमर बेल की तरह जमे हुए है यहां पर श्री त्रिपाठी का ट्रांसफर हुए तीन साल गुजारने के बावजूद भी प्रभारी अधीक्षण अभियंता को अभी तक कार्यमुक्त नहीं किया गया है।

### इनका कहना है,

इस संबंध में जानकारी नहीं है कि टीकमगढ़ प्रभारी अधीक्षण अभियंता सरोज कुमार त्रिपाठी का तीन साल पहले ट्रांसफर हुआ था । रिलीव क्यों नहीं किया है इसकी जानकारी करवाता हूं।

**डी.कुमार,** मुख्य अभियंता मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सागर


मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड
ब्लाक नंबर 07, शक्तिभवन, रामपुर, जबलपुर
CIN:- 40109MP2002 SGC015120
आदेश

# अनियमितताओं के चलते कलेक्टर ने की ग्राम रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा विवेक श्रोत्रिय ने शासकीय कार्य में लापरवाही करने तथा वित्तीय अनियमिताएं किए जाने

के कारण बल्देवग? जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत दुर्गानगर ग्राम रोजगार सहायक राकेश त्रिपाठी की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की हैं।

ज्ञातव्य है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बल्देवग? द्वारा प्रस्तुत जाँच प्रतिवेदन अनुसार शिकायतकर्ता रामदास अहिरवार, अखिलेश अहिरवार, बलीराम अहिरवार एवं कल्लू अहिरवार द्वारा बताया गया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास की मजदूरी की राशि नहीं दी गई है, मनरेगा पोर्टल पर चैक करने पर पाया गया कि उक्त हितग्राहियों के खातों में राशी नहीं डाली गई है अन्य व्यक्तियों के खातों में राशि का अंतरण पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहा है।

हितग्राहियों की सहमति ग्राम रोजगार सहायक द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई। प्रतिवेदन के आधार पर हितग्राहियों को मनरेगा योजनांतर्गत किए गए मजदूरी भुगतान की ऑनलाईन रिपोर्ट का परीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि उक्त हितग्राहियों के मनरेगा पोर्टल पर आवास कार्य का भुगतान अन्य व्यक्ति के खाते में होना पाया गया।

मजदूरी भुगतान में अनियमिताएं किए जाने के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बल्देवगढ़ द्वारा राकेश त्रिपाठी ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत दुर्गानगर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। प्रस्तुत जबाव का अवलोकन मुख्य कार्य अधिकारी जनपद पंचायत बल्देवगढ़ द्वारा किया गया। जिसमें राकेश त्रिपाठी ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत दुर्गानगर द्वारा आवास हितग्राहियों की मजदूरी भुगतान में वित्तीय अनियमिताएं परिलक्षित होने से जबाव संतोषजनक नहीं पाया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बल्देवग? के पत्र प्रतिवेदन अनुसार एवं अपर मुख्य सचिव म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के नवीन दिशा-निर्देशों के अनुरूप दिए गए अधिकारों के तहत ग्राम रोजगार सहायक की संविदा सेवा शर्तों के अनुसार राकेश त्रिपाठी ग्राम रोजगार सहायक पंचायत दुर्गानगर जनपद पंचायत बल्देवग? की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई है साथ ही ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार सहायक का पद रिक्त घोषित किया गया है।

# आगजनी की घटनाओं में लाखों की फसल जलकर हुई खाक



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत तीन अलग-अलग जगहों पर आगजनी की घटनाएं हुई। जिसमें मंगलवार दोपहर 12 के करीब कुड़ीला थाना क्षेत्र अंतर्गत महोबिया और हीरापुर पुरेनिया के खेतों में आग लग गई।आग के विकराल रूप को देखते हुए मौके पर किसानों के द्वारा डायल 100 को सूचना दी गई एवं फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। बताया गया कि खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। वही खेत के बीचों बीच मवेशी भी फंसे हुए थे। फायर ब्रिगेड एवं ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं तीसरी घटना खरगापुर थाना क्षेत्र के गोरा गांव में हुई जहां पर किसान की एक छान छप्पर की टपरिया में आग लग गई। मौके पर आग की घटना को देखकर डायल हंड्रेड को सूचना दी गई एवं फायर ब्रिगेड को भी सूचना मिली। समय रहते मौके पर फायर ब्रिगेड एवं डायल हंड्रेड पहुंची। जहां पर आसपास खड़ी गेहूं की लाखों रुपए की फसल को नुकसान होने से बचाया जा सका। उक्त घटना में डायल हंड्रेड पर पुलिस कांस्टेबल भागीरथ लोधी एवं चालक सुरेंद्र सिंह लोधी और ग्रामीणों के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### रंजिश के चलते 3 लोगों ने एक व्यक्ति से की मारपीट

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी में पुरानी बुराई पर एक व्यक्ति के साथ मुहल्ले के तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी में 30 मार्च की शाम करीब 7 बजे पीड़ित मनोज पिता मक्खन लाल सेन अपने घर के सामने बैठा हुआ था। तभी मुहल्ले के शिवम दांगी, ब्रजेन्द्र दांगी व नातीराजा दांगी आए और पुरानी बुराई पर पीड़ित व्यक्ति के साथ लड़ाई झगड़ा किया और तीनो ने उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### रजक समाज ने मनाया होली मिलन, आपसी भाईचारा बनाने की अपील

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** नगर में रजक समाज द्वारा राधा कृष्ण मंदिर में होली मिलन समारोह का



आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज से जुड़े लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाई और गले मिलकर आपसी भाईचार बनाए रखने के लिए अपील की। इस दौरान हरदास रजक (माते), राजू रजक (वरिष्ठ) संरक्षक सदस्य रामपाल वर्मा, बीएल रजक (जनपद इंस्पेक्टर), (सहकारिता इंस्पेक्टर), दीपक रजक (पॉलिटेक्निक), दीपचंद वर्मा (जनपद बाबू) विजय रजक (न्यायालय), जगदीश रजक (शिक्षक), दीपेश रजक (शिक्षक), अनिल रजक (वरिष्ठ), आशाराम रजक (जिला अध्यक्ष रजक समाज), श्रीमती गीता रजक ( जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा), कन्हई रजक (मुखिया, बांटी रजक, मुकेश रजक (उप सरपंच) विक्की रजक, पूरन रजक, संदीप रजक, प्रकाश रजक मऊघाट, दीपक रजक आसटोन, निक्की रजक महाराजपुरा सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ एवं युवा जन उपस्थि रहे।

# सुलभ शौचालय में जड़ा ताला, सड़कों पर बह रहा नाली का पानी



**लिधौरा, देशबन्धु।** । नगर की स्वच्छता व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। चैत्र नवरात्र जैसे बड़े पर्व पर देवी मंदिर जाने वाले रास्तों में नालियों का पानी भरा हुआ है। जिससे दर्शन करने आने वाली महिलाओं को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ रही हैं। भले ही स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर परिषद 29 नंबर पर आकर अपनी पीठ थप थपा रही हो, लेकिन धरातल पर स्थिति बहुत खराब है। वार्ड के लोगों का कहना है कि मंदिर तक पहुंच मार्ग पर नाली निर्माण न होने की वजह से आज यह स्थिति बन रही हैं। अगर नगर परिषद् समय रहते इस समस्या का निदान करा देती तो नवरात्र जैसे पावन पर्व पर महिलाएं गंदे पानी से न गुजर रही होती।

### सुलभ शौचालय में जड़ा है ताला

बस स्टैंड पर बने सुलभ शौचालय का हाल और भी बेहाल है। यहां करीब डेढ़ माह से ताला जड़ा हुआ है। जिससे महिला यात्री को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। इस विषय पर न तो किसी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान गया है और न ही कोई जनप्रतिनिधि सामने आया है।स्थानीय निवासी राज खटीक ,राजकुमार सेन ,बबलू ठाकुर ने बताया कि सुलभ शौचालय बंद रहने के चलते महिला यात्रियों को मजबूरन खुले में शौच जाना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

में अभी विभागीय मीटिंग में हूं, बाद में इस विषय में बात करूंगा।

**संजय वाल्मीकि**
सीएमओ, नगर परिषद्

### स्कूल चलें हम अभियान कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

# छात्राओं को शिक्षण सत्र प्रारंभ करने के लिए पाठ्य-पुस्तकें की गई भेंट



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही जिले में भी नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत आज एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की गई। इसके तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकमगढ़ में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता राहुल सिंह, विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, अभिषेक (रानू) खरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय तथा जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे विशेष रूप से अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। साथ ही छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया, जिससे वे शिक्षा लेकर अपना तथा अपने जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में शासकीय विद्यालयों में एक से 4 अप्रैल, 2025 तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य बनाकर मेहनत और लगातार प्रयास करने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि हमनें भी निरंतर मेहनत की है, जब मेरा सिलेक्शन आईएएस में हुआ था। इसलिये मेहनत करते रहें, आप सफल अवश्य होंगे।

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें भेंट की गई, जिससे नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ करने में छात्राओं को कठनाई का सामना नहीं करना पड़े। इसके साथ ही विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये तथा उनके उज्जवल भविष्ट की कामना की गई।

इस अवसर पर डीईओ आईएल आठया, डीपीसी आरपी त्रिपाठी, एपीसी सहित संबंधित अधिकारी तथा छात्रायें उपस्थित रहीं।

### शासकीय मॉडल में हर्ष के साथ मनाया प्रवेशोत्सव

**पलेरा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से सत्र 2025-26 आरंभ हो गया है। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में



सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत एवं समस्त स्टाफ ने सरस्वती पूजा एवं महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं का तिलक एवं मिठाई खिलाकर विद्यालय में गरिमा के साथ स्वागत किया। साथ ही छात्र छात्राओं को 1 अप्रैल से नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा छात्रों को संबोधित किया। इनमें जयंती प्रजापति उ.मा.शि., देव सिंह परिहार मां.शि., प्रियंका कटारे मा.शि., बृजेश कुमार त्रिपाठी मां.शि., रामलाल विश्वकर्मा प्रा.शि., रंजना यादव एवं कपिल देव नायक सभी ने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थीयों को पुस्तकें वितरित की गई। इस अवसर पर मॉडल विद्यालय के प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत, मनीष भार्गव, रामकुमार यादव, अमित अहिरवार, गौरव तिवारी, हरिदयाल विश्वकर्मा, घासीराम तिवारी, रानी विश्वकर्मा, धीरेन्द्र पाठक, अमृता खरे उपस्थिति रहे।

# आदिवासी बस्ती में सरपंच ने नि:शुल्क वितरित किए बैग, किताबें

**जतारा, देशबन्धु।** नजदीकी ग्राम पंचायत बैरवार में आज नए शिक्षा सत्र के पहले दिन प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैरवार में माध्यमिक शाला आदिवासी बस्ती की प्राथमिक शाला में कार्यक्रम आयोजित हुआ।



कार्यक्रम में सबसे पहले महा पुरषों के चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजन का शुभारम्भ किया गया। प्रवेश उत्सव में बैरवार सरपंच सुरेंद्र दांगी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने आदिवासी बस्ती के प्राथमिक स्कूल में बच्चों को बेग पेन्सिल पेन आदि का वितरण किया। उन्होंने बच्चो को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा की सभी बच्चे रोज स्कूल आये और शिक्षित होकर अपने ग्राम और माँ बाप का नाम रोशन करे। उन्होंने कहा की बच्चो को कोई परेशानी आती है.या कोई शिक्षक स्कूल में समय से नहीं आता है, तो बच्चे जरूर बताये जो भी संभव मदद होगी, वह की जाएगी। उन्होंने बच्चो को बताया कि आप लोग पमं लगाकर पढाई करें जिससे आप काबिल बन सके। बैरवार स्कूल के शिक्षकों ने गांव में घर-घर जाकर अभिभावकों से भी संपर्क किया। कार्यक्रम में एनआर घोष, निर्मला भट्ट, धर्मपाल घोष, रामलोचन प्रजापति, तारा बंशल, पूनम ठाकुर सहित अन्य छात्र-छात्राये शामिल रहे।

# विद्यालयों में मनाया प्रवेश उत्सव




**लिधौरा,देशबन्धु।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिपरी में मंगलबार को प्राचार्य सुनीता मिश्रा एवं समाज शिक्षण स्टाफ की उपस्थिति में विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया। कक्षा छठवीं में 10 छात्रों को प्रवेश दिया गया। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिधौरा में प्राचार्य हीरालाल राजपूत एवं समस्त स्टाफ के द्वारा भारत माता एवं सरस्वती की वंदना कर प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। जिसमें कक्षा नवी में करीब 12 छात्रों ने प्रवेश लिया।

### बच्चों को दिलाया प्रवेश

संकुल हायर सेकेंडरी स्कूल अस्तौन टीकमगढ़ में उल्लास साक्षरता कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बलराम यादव संकुल प्राचार्य के द्वारा बच्चों को शाला में प्रवेश कराया गया है। बड़े ही धूमधाम से संकुल साक्षरता मिशन के समन्वयक सूर्य प्रकाश पस्तोर ने बच्चों को शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों को रोरी तिलक लगाकर शाला में प्रवेश कराया गया। नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित कि गयी। वहीं संकुल केंद्र अंतर्गत सभी शालाओं में आज प्रवेश उत्साव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। वहीं शासकीय प्रथमिक शाला घुराई में नवीन प्रवेशी छात्रों को विशेष भोजन व मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर संकुल केन्द्र से मुकेश कुमार तिवारी, बृजेश विश्वकर्मा, जितेंद्र खरे, सत्येन्द्र कुमार, सुरेश कुमार अहिरवार, अर्चना दीक्षित उपस्थित रही है।

# तिलक लगाया, माला पहनाई, लड्डू खिलाकर बच्चों का कराया पहली कक्षा में प्रवेश

**बड़ागांव धसान, देशबन्धु।** शासकीय माध्यमिक शाला मिथलाखेरा में आज शासन के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव एवं एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। बड़ागांव धसान आज सुबह से ही विद्यालय को गुब्बारों, रंगोली, बंदनवार से बच्चों के स्वागत के लिए सजाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों का नवीन प्रवेश किया गया। इस दौरान नवीन प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवम् लड्डू खिलाकर उनका स्वागत किया गया। शैक्षणिक सत्र के पहले दिवस 14 नवीन बच्चों ने विद्यालय में पहला कदम रखकर प्रवेश लिया। सर्वप्रथम प्रवेश काजल चढ़ार ने लिया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने जोरदार तालियां बजाकर नवीन बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। आज के आयोजन में बच्चों के माता, पिताओं ने बहुत ही उत्साह पूर्वक प्रवेशोत्सव, एफएलएन मेले में भाग लिया एवं अपने बच्चों के उपलब्धि स्तर को जाना। एफएलएन मेले में पंजीयन, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, बच्चों का कोना के 6 स्टाल बनाए गए थे। इन स्टालों पर प्रत्येक विद्यार्थी का बारी-बारी से मूल्यांकन कर रिपोर्ट कार्ड बनाया एवं उनकी माता एवं अभिभावकों को वह रिपोर्ट कार्ड दिखाया गया। बच्चों में इस मेले के प्रति बहुत ही उत्साह देखा गया। मेले में बच्चों के द्वारा संतुलन बनाने के लिए गतिविधि, रस्सी कूद, लपकना, कूदना, पैटर्न, समय, लेनदेन, वर्गीकरण, चित्र वाचन, पढ़ना, गिनना, अंक पहचान, बढ़ते क्रम में लगाना, जोड़, घटाना, हाथों का समन्वय, लिखना, परिवेश की पहचान आदि की गतिविधियां बहुत ही उत्साह पूर्वक खेल खेल में की गई। शिक्षक संजय जैन ने कहा कि सभी अपने बच्चों को प्रतिदिन समय से विद्यालय भेजें,बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए इस प्रकार के आयोजन बहुत ही आवश्यक है। बच्चों की छुपी हुई प्रतिभाएं उभरकर बाहर आती हैं। शारीरिक, बौद्धिक, भाषा विकास, रचनात्मक विकास, भावनात्मक विकास होता है, उनमें उत्साहवर्धन, जिज्ञासाएं उत्पन्न होती है व सीखने की रुचि बढ़ती है।मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शारीरिक, मानसिक, भाषा विकास आदि क्षमताओं का मूल्यांकन करना एवं उनके विकास के लिए गतिविधियां करना है। इस अवसर पर शिक्षक लखनलाल विश्वकर्मा, संजय जैन, महेश नायक, कैलाश नामदेव, संगीता गुप्ता, वर्षा राजपूत सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### मुस्लिम भाइयों को ईद मुबारकबाद दी



**आमला , देशबन्धु।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज देशमुख ने ईदगाह पहुंचकर जामा मस्जिद सदर जाहिद पटेल, जामा मस्जिद उपाध्यक्ष शेख आबिद, जावेद मेमन आशिफ भाई एवं सभी मुस्लिम भाइयों को भी मुबारकबाद दी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मनोज मालवे नपा अध्यक्ष नितिन गाडरे, जी नपा उपाध्यक्ष किशोर माथनकर, जी पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुभाष देशमुख, कांग्रेस सेवादल विधानसभा प्रभारी जितेंद्र शर्मा, समाजसेवी राजेंद्र उपाध्याय, कांग्रेस नेता विजेंद्र भावसार जी, युवा कांग्रेस नेता प्रदीप कोकाटे जी, नीरज कटारिया, दीपक दवांडे ने भी सभी मुस्लिम भाइयों को बधाई दी।

### आगामी कार्यक्रम को लेकर विधानसभा बैठक का हुआ आयोजन



**चिचोली शाहपुर, देशबन्धु।** भाजपा संगठन के आगामी कार्यक्रमो को लेकर घो?ाडोंगरी विधानसभा की बैठक शाहपुर में हुई। बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जनसिंह उइके उपस्थित रही। बैठक में सर्वप्रथम क्षेत्रीय विधायक गंगा उइके ने विधानसभा के हर बूथ व शक्ति केंद्र पर एक राष्ट एक चुनाव को लेकर जनता समाज और संगठन से संवाद करना। वही जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने 6अप्रेल भाजपा स्थापना दिवस 14अप्रेल को बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती को हर बूथ व शक्ति केंद्र मे धूमधाम से मनाया जायेगा सभी को अपने अपने बूथ ओर शक्ति केंद्रों पर जाकर कार्यक्रम की तैयारी अभी से शुरू करनी है।इस बैठक में विधानसभा के संयोजक राजेन्द्र मालवीय सहित सभी मंडलो के अध्यक्ष,सभी मंडलो के प्रभारी जनपद के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,नगर परिषद के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष,मंडलो के महामंत्री सहित अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 25 अप्रैल को मनाई जाएगी संत सेन महाराज की जयंती

**● बैठक में बनी कार्ययोजना**

**बैतूल, देशबन्धु।** मालवी सेन समाज संगठन की महत्वपूर्ण बैठक बड़ा राम मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लखनलाल मालवी ने की, जिसमें समाज के वरिष्ठ सदस्यों और पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में संत सेन शिरोमणि महाराज की जयंती को 25 अप्रैल, को सुभाष वार्ड माझी नगर में भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर मालवी सेन समाज संगठन द्वारा ध्वजारोहण, सेन महाराज की प्रतिमा का पूजन-अर्चन और पुष्प माल्यार्पण किया जाएगा। बैठक में उपस्थित समाज के वरिष्ठ सदस्य नारायण बघेले, शिव प्रसाद जयसिंहपुरे, रोशनलाल खेड़ले, उपाध्यक्ष दिनेश खेड़ले, सचिव पुष्पेंद्र मन्नासे, कोषाध्यक्ष पंकज पप्पू साहने, शिवनाथ राजू सरसोदे, बृजेश साहने, जितेंद्र नरेले, गणेश साहने, अशोक साहने, मथुरा प्रसाद जयसिंहपुरे, पवन साहने, राधे खवादे, पंकज सहाने, मनोज मालवी, राहुल मालवी, रोहित मालवी, ओमप्रकाश बघेले और ललित बघेले आदि ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की और अपने सुझाव दिए। समाज के सभी सदस्यों ने एकमत होकर तय किया कि सेन महाराज जयंती को पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की गई।



**चिचोली, देशबन्धु।** 30 मार्च से लेकर 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वच्छता एवं जल स्त्रोतों के गहरीकरण करने एवं नदियों की साफ सफाई के उद्देश्य से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इनमें से रमजान प्रस्तुत समिति नवाकुर संस्था, समाज के सभी वर्गों का सहयोग उत्साह देखते बनता है। जनपद पंचायत शाहपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत आवरिया में प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्था के द्वारा गांव की मोररण्ड नदी के नागदेव घाट पर नदियों की साफ सफाई तालाब कुए इत्यादि की साफ सफाई जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच मीनाक्षी गोरा सिंग धुर्वे, सचिव अशोक धुर्वे रोजगार सहायक राजू यादव प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमरे, सचिव संजू उईके, महेश धुर्वे , अनिल मर्सकोले रमता धुर्वे एवं मोबिलाइज उपस्थित रहे।

# मुलताई की 3 शराब दुकाने हमेशा के लिए बन्द

### अवैध कारोबार पर रहेगी कड़ी नजर




**बैतूल, देशबन्धु।** शासन के निर्देश अनुसार आबकारी विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरुआत होते ही पवित्र नगरी मुलताई में संचालित तीन शराब दुकाने हमेशा के लिए बन्द किये जाने की कार्यवाही कर दी गई। जिला आबकारी अधिकारी अंशुमान सिंह चढ़ार ने बताया कि अधीनस्थ अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि, किसी भी स्थिति में नगर में शराब की अवैध खरीदी बिक्री न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। यदि कोई व्यक्ति अवैध शराब की खरीद -फरोख्त करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाए।

जिला आबकारी अधिकारी अंशुमान सिंह चढ़ार ने बताया कि शासन स्तर पर पवित्र नगरी मुलताई में तीन शराब दुकानों के संचालन बन्द करने के निर्णय पूर्व में लिया गया था। मध्यप्रदेश राजपत्र के परिपालन में मुलताई नगर पालिका परिषद अंतर्गत संचालित कम्पोजिट शराब दुकान क्रमांक 1,2 एवं नागपुर नाका स्तिथ शराब दुकान क्रमांक 3 बन्द करवा दी गई हैं। अब नगर में शराब बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई है। आबकारी निरीक्षक सुरेंद्र देवांगन को लिखित निर्देश जारी किए गए हैं कि नगरीय क्षेत्र में अवैध मदिरा संग्रहण, धारण, विक्रय पर प्रभावी रूप से नियंत्रण रखे जाए। नगर में अधीनस्थ स्टाफ के साथ सतत गश्त एवं भ्रमण किया जाए। साथ ही अवैध सूचना या शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए। आवश्यक होने पर अधिकारियों को पुलिस विभाग का भी सहयोग लिए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

**इनका कहना...**

मध्य प्रदेश राजपत्र के परिपालन के अनुसार मुलताई में संचालित सभी तीन दुकानें बन्द कराये जाने की कार्यवाही कर दी गई है। अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध शराब बिक्री के मामलों में तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाकर मुख्यालय को सूचित किया जाए।

**अंशुमान सिंह चढ़ार, जिला आबकारी अधिकारी बैतूल**

# बेबस भाई की फरियाद- अब या तो इंसाफ दो या इच्छामृत्यु की अनुमति

### बड़े भाई का आरोप छोटे भाई ने जबरन काट ली फसल, कलेक्टर से शिकायत



**बैतूल, देशबन्धु।** मुलताई तहसील के ग्राम मालेगांव में पारिवारिक जमीन विवाद के चलते एक 49 वर्षीय अविवाहित, बेसहारा और गंभीर बीमारी से पीड़ित किसान इंसाफ की गुहार लगा रहा है। पीड़ित सिद्धार्थ बुआड़े (पवार) का कहना है कि उनके छोटे भाई गौतम पवार और उसकी पत्नी ममता पवार ने मौजा ग्राम ग्यारसपुर, प.ह.न.45 ग्राम पंचायत मलकापुर, तहसील बैतूल स्थित खसरा न.137/6 में उनके स्वामित्व की भूमि की गेहूं की फसल को जबरन काट लिया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित ने बताया कि यह विवाद कोर्ट में लंबित है और 24 अक्टूबर 2024 को माननीय न्यायालय ने वेदान्त पिता गौतम बुआ? को निषेधाज्ञा आदेश जारी किया था। बावजूद इसके, छोटे भाई ने उन्हें बेदखल करने और उनकी रोजी-रोटी छीनने की कोशिश की। सिद्धार्थ बुआड़े ने कहा कि पिता बंशीलाल बुआड़े ने यह जमीन उनके नाम की थी, लेकिन छोटे भाई ने अपने नाबालिग बेटे के नाम पर क्रयपत्र के जरिए इसे रजिस्ट्री करवा लिया, जिससे वे और उनकी बहनें सिन्धु कसारे व सरिता पठाडे बेदखल हो गए। पीड़ित ने बताया कि वह शारीरिक रूप से कमजोर और बेरोजगार हैं। जीविका के लिए वह अपनी हिस्से की जमीन पर खेती कर रहे थे, लेकिन 27 अक्टूबर 2024 को गौतम पवार और ममता पवार ने जबरन उनकी सोयाबीन की फसल काट ली। इसकी शिकायत गंज थाना बैतूल में दर्ज करवाई गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब एक बार फिर, 31 मार्च 2025 को गौतम पवार, ममता पवार और गुरदीन राठौर (खण्डारा किला) ने उनकी गेहूं की फसल काट ली और 1 अप्रैल 2025 को उसे थ्रेशिंग के लिए जमा कर दिया। जब सिद्धार्थ बुआड़े ने उन्हें रोका, तो उसे जान से मारने की धमकी देकर खेत से भगा दिया गया।

पीड़ित ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उसकी गेहूं की फसल, जो लगभग 35 क्विंटल होगी, उसे वापस दिलाई जाए, क्योंकि यह उसके जीवन-यापन का एकमात्र सहारा है। उसने यह भी कहा कि वह शारीरिक अक्षमता और गरीबी के कारण कोई काम नहीं कर सकता और गांव के दादा के पुराने, मकान में अकेले रहता है। अब वह बार-बार शिकायत करने की स्थिति में नहीं है और उसने प्रशासन से या तो न्याय दिलाने या इच्छामृत्यु की अनुमति देने की अपील की है। पीड़ित ने गंज थाना, पुलिस अधीक्षक बैतूल और न्यायालय से स्टे ऑर्डर की प्रतियां संलग्न करते हुए अपनी शिकायत कलेक्टर जनसुनवाई में दी है।

# ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के लिए एक दर्जन से अधिक दावेदार



### भोपाल से दिल्ली तक दावेदारी

**आमला, देशबन्धु।** कांग्रेस के विधानसभा चुनाव 2023 हारने एवं मध्य प्रदेश में जीतू पटवारी के नया प्रदेश अध्यक्ष बनते ही ऐसा माना जा रहा था कि पार्टी में भारी बदलाव नजर आएगा और इसकी कवायद ब्लॉक अध्यक्ष की नई नियुक्ति से हो रही है। पार्टी ने ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्तियों के लिए आयु सीमा 45 वर्ष रखी है। अगर ऐसा हुआ तो एक दर्जन से अधिक दावेदारों में से 45 से अधिक उम्र वाले अनेक दावेदार अपने आप दावेदारी से बाहर हो जाएंगे।

कांग्रेस ने आगामी चुनावों में पार्टी की स्थिति को मजबूत करने के लिए नए सिरे से काम शुरू कर दिया है। आमला ब्लॉक कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष पद हेतु एक दर्जन से अधिक दावेदार है। इनमें पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ,पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सेवादल अध्यक्ष रहे है। इनका परिवार भी बरसों से कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित रहा है। विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है एवं पार्टी ने इन्हें विधानसभा चुनाव में खेड़ी बाजार मंडलम का प्रभारी बनाया था। अल्पसंख्यक समुदाय से युवाओं में अपनी पकड़ रखने वाले और जुझारू चेहरा शेख आबिद अब्बू का नाम भी प्रमुखता से सामने आ रहा है यह भी पूरी सक्रियता के साथ कांग्रेस पार्टी के लिए वर्षों से कार्य कर रहे हैं और ससुंदरा मंडलम के मंडलम अध्यक्ष पूर्व जनपद सदस्य एवं कांग्रेस पार्टी से बरसो से जुड़े योगेश गोलू देशमुख कुनबी समाज से इन दावेदार में प्रमुख है, इसके साथ कुनबी समाज से वर्तमान में आमला नगर में सेक्टर अध्यक्ष है और व्यवसाई दीपक दवडे युवा में सक्रिय है और शहर में अपनी मजबूत पकड़ रखते है। इसके साथ ही एक प्रमुख नाम जो बार बार लोगों की जुबान पर आ रहा है, सर्राफा व्यापारी और कांग्रेस पार्टी के सेक्टर अध्यक्ष बंटी सोनी। इनका परिवार भी बरसो से कांग्रेस पार्टी के साथ रहा है। यह सामाजिक धार्मिक कार्य में सक्रिय रहते है। युवा चेहरे के रूप में एक प्रमुख दावेदार विजेंद्र भावसार है। अब देखना ये होगा शीघ्र ही जारी होने वाली सूची में आमला ब्लॉक अध्यक्ष का पद किसे दिया जाता है। सभी दावेदारों ने भोपाल से दिल्ली तक अपनी अपनी पूरी ताकत झोक दि है।

# जिला स्तरीय मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर 7 को

**बैतूल, देशबन्धु। युवा** साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल के सहयोग से जिला स्तरीय मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 7 अप्रैल दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे से 3 तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभात पट्टन में आयोजित किये जाएंगे। प्रहलाद साहू गोपाल साहू अजय जीतपुरे ने बताया कि जिन मरीजों की आंख में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल में किए जाएंगे। मरीजो को आवास, दवाइयां एवं परिवहन की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी। सभी मरीजों को जांच स्थल से बस द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज भोपाल ले जाया जाएगा एवं ऑपरेशन के बाद पुनः जांच स्थल पर लाया जाएगा जहां से वे अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। शिविर का लाभ लेने के लिए मरीजों को अपने साथ आधार कार्ड या आयुष्मान कार्ड लाना जरूरी है। आयोजन समिति में जिलेवासियों से मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# वद्यार्थियों पर पुष्पवर्षा कर मनाया प्रवेश उत्सव, पाठ्य पुस्तकों का किया वितरण

**बैतूल-बाजार, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 1 अप्रैल 2025 को सी.एम. राइ? शासकीय कृषि उ.मा.वि. विद्यालय बैतूल-बाजार में विद्यार्थियों पर पुष्प की वर्षा कर एवं उन्हें तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों का विद्यालय प्रवेश द्वार पर पुष्प वर्षा कर एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिक, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, पीटीएम सदस्य श्रीमती अंजुम शाह, श्रीमती लतिका, पालक सुरेंद्र राठौर, श्री साकरे, श्री धोटे का स्वागत किया गया। इसके



बाद विद्यार्थियों द्वारा भाषण गीत, गीत, कहानी आदि की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम को उपस्थित अतिथिगणों द्वारा संबोधित कर विद्यार्थियों को उनके सुनहरे भविष्य निर्माण हेतु सुझाव दिए। कार्यक्रम को प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को कहानी के माध्यम से क?ी मेहनत कर आगे ब?ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थिति अतिथिगण, पालकों द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया। विद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों को शिक्षक पुरूषोत्तम देशमुख द्वारा प्रतिवेदन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की पूर्व छात्रा तृप्ती मालवीय द्वारा भी विद्यालय में किए गए कार्यो को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय में प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों, अतिथियों आदि ने सेल्फी पाइंट पर सेल्फी भी ली। यह सेल्फी पाइंट आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में स्व. बी.एस. पाटिल की स्मृति में उनकी धर्मपत्नि श्रीमती गोदावरी पाटिल, पुत्र डॉ. विजय पाटिल, धर्मपत्नि श्रीमती मनीषा पाटिल द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत निर्धन विद्यार्थियों को षिक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु स्टेषनरी एवं स्कूल बैग प्रदान किया गया। मंच संचालन रमेष कुमार पिंजारे द्वारा किया गया एवं आभार श्रीमती सुधा कौशिक द्वारा व्यक्त किया गया। शाला परिवार ने समस्त विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बैतूल के कलाकारों ने ग्वालियर में बिखेरी लोक संस्कृति की छटा

### गोंड गायकी और ठठिया नृत्य की दी शानदार प्रस्तुति



**बैतूल, देशबन्धु।** ग्वालियर में सनातनी नववर्ष विक्रम संवत का भव्य स्वागत किया गया। संस्कार भारती और नगर निगम ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस समारोह में देशभर के लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस खास मौके पर बैतूल जिले के वनांचल क्षेत्र सतपुड़ा की वादियों से आए कलाकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया और दर्शकों का दिल जीत लिया।

नववर्ष उत्सव में बैतूल के कलाकारों ने दो प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गोंड गायकी और पारंपरिक ठठिया नृत्य शामिल था। ओम म्यूजिक जोन के डायरेक्टर ओम प्रधान के नेतृत्व में उनकी टीम ने अपनी मनमोहक लोक गीत प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस टीम में अनिल परते, मंजू परते, मोड्डा परते, अलकेश परते, रामसिंह परते, बस्तीराम परते, आशीष परते, गौतम परते, मनसाराम परते, ओझा परते, नैतिक भलावी और सागर उइके शामिल थे। गोंड गायकी की धुनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरी प्रस्तुति महाराष्ट्र के शिवनेरी डांस ग्रुप की ओर से रही, जिसमें बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष को नृत्य-नाट्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। ग्रुप के डायरेक्टर शुभम शेंडे के नेतृत्व में साहिल मरस्कोले, कुणाल गडपायले, पंकज सलामे, राज निखुडे, दीक्षिका पुसाम, अंजली टेकाम, शालू कुंभरे, सुषमा मेश्राम और दिव्या मेश्राम ने अपनी शानदार नृत्य कला से सभी को भाव-विभोर कर दिया। गोंड गायकी और ठठिया नृत्य की प्रस्तुतियों को ग्वालियर के श्रोताओं ने खूब सराहा। हर प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ा। कार्यक्रम के अंत में ग्वालियर नगर निगम और संस्कार भारती की ओर से सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ओम प्रधान ने अपनी पूरी टीम, ग्वालियर नगर निगम और संस्कार भारती का आभार व्यक्त किया। बैतूल जिले के लिए यह एक गर्व का अवसर था, जब उसके लोक कलाकारों ने ग्वालियर के मंच पर अपनी सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन कर वाहवाही लूटी।

# भगवा ध्वज को तोड़कर फेंका, हिंदू सेना ने दर्ज कराई एफआईआर



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल में रामनवमी की तैयारियों के बीच एक बड़ी घटना सामने आई है, जिसने हिंदू समाज की भावनाओं को आहत कर दिया है।

शहर में बीते एक सप्ताह से राष्ट्रीय हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा प्रमुख मार्गों को भगवा ध्वज, बैनर और तोरण से सजाया जा रहा था। हर साल की तरह इस बार भी हिंदू सेना द्वारा रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली जानी है, जिसके चलते पूरे शहर को भगवामय बनाया जा रहा था। इसी क्रम में बैतूल नगर के अंबेडकर चौक पर भी भगवा ध्वज लगाए गए थे, लेकिन बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने इन झंडों को तोड़कर फेंक दिया। जैसे ही यह खबर फैली, हिंदू समाज में आक्रोश फैल गया। मौके पर राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय समेत संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी पहुंचे। पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। इस घटना के बाद हिंदू सेना के कार्यकर्ता और पदाधिकारी आक्रोशित हो गए। प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने इसे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा यह कृत्य हिंदू विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने पुलिस से मांग की कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

युवा जिला सह संयोजक अमित यादव ने बताया कि राम जन्मोत्सव शोभायात्रा को लेकर शहर में भगवा ध्वज लगाए गए थे, लेकिन किसी अज्ञात व्यक्ति ने अंबेडकर चौक पर लगे ध्वजों को तोड़कर हिंदू समाज का अपमान किया है। विभाग अध्यक्ष दीपक कोसे ने कहा कि यह कृत्य समस्त हिंदू समाज के खिलाफ है और इसे किसी भी हाल में सहन नहीं किया जाएगा। नगर महामंत्री बिट्टू गोयल ने कहा कि हिंदू समाज हर साल प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाता है और भव्य शोभायात्रा निकालता है। लेकिन इस यात्रा की सफलता असामाजिक तत्वों को नागवार गुजरती है, इसलिए वे इस तरह की हरकतें कर रहे हैं। नगर संयोजक रोहित मालवीय ने कहा कि ऐसे कायर लोग सामने से वार नहीं कर सकते, इसलिए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं।

इस मामले में कोतवाली थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की तलाश कर रही है। हिंदू सेना ने साफ कर दिया है कि हिंदू समाज अपने धर्म और आस्था का अपमान सहन नहीं करेगा और जल्द से जल्द दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करेगा। घटना के विरोध में राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय, प्रदेश संयोजक पवन मालवीय, प्रांत सह संगठन मंत्री शुभम इगले, तहसील युवा उपाध्यक्ष जयत सचिन विश्वकर्मा, प्रखंड मंत्री अरविंद मासोदकर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डिवाइन स्कूल में भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रवेश उत्सव में हिस्सा लिया, बच्चों को दी समझाइस



**बैतूल बाजार, देशबन्धु।** नगर के प्रथम अंग्रेजी माध्यम डिवाइन इंग्लिश स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ प्रवेश उत्सव मनाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार उपस्थित हुए। उन्होंने बच्चो को समझाइश देते हुए कहा कि आपको प्रतिदिन प?ना होगा। जिस दिन का कोर्स उसी दिन याद कर लो तो सफलता निश्चित मिलेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन सुबह जल्दी उठकर व्यायाम अवश्य करना चाहिए। विशेष अतिथि गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ जिला प्रभारी अनूप वर्मा ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि बच्चों को सनातनी संस्कृति से अवश्य जो?। शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा जिला संयोजक अजय पवार ने विद्यार्थियों से कहा कि हम जैसे कार्य करेंगे वैसे परिणाम मिलेंगे। यदि अच्छे परिणाम चाहते हो तो अच्छे कार्य करना ही प?ेगा। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मुकेश विश्वकर्मा ने किया व आभार प्रदर्शन मीना पवार ने किया। कार्यक्रम को वाइस प्रिंसिपल शेफाली सिंह, प्रबंधक श्रीराम पवार व स्वाति महतो ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में स्कूल संचालक श्रीमती प्रीति पवार, प्रेम पवार, अनुप्रिया वर्मा, रेखा पदमाकर, कल्पना कोकने आदि उपस्थित थे।

# काशी तालाब से शुरू हुआ जल गंगा संवर्धन महा अभियान

**बैतूल,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद बैतूल की नवांकुर संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन महा अभियान के तहत अभियान की शुरुआत काशी तालाब की सफाई से हुई प्रथम दिवस नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नगर जी, 75 कदम से बबलू हेमंत दुबे, एवं सदस्य,नागरिक बैंक के अध्यक्ष अतीत पवार एवं परिषद् की जिला समन्वय प्रिया चौधरी, हेमंत बबलू दुबे, संजय शुक्ला, हेमा सिंह, शैलेंद्र बिहरिया, तुलिका पचौरी,ठ्रपिंकी भाटिया, आशीष पचौरी, वंदना कुंभरे,की उपस्थिति में परिषद की नवांकुर संस्थाओं प्रत्याशा, प्रदीपन, ग्रीन टाइगर्स, गुरुकृपा, भूपेंद्र महिला एवं ग्राम उत्थान एवं बैतूल को पॉलिथीन मुक्त बनाने का अभियान चलाने वाली संस्था 75 कदम, बैतूल पत्रिका समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ घनश्याम राठौर एवं सदस्य उपस्थित थे। प्रथम दिवस तालाब के आसपास का कचरा हटाकर पानी के अंदर किनारे पर बह रही पॉलिथीन एवं निर्मालय सामग्री को हटाकर घाट की सफाई की गई। तीसरे दिन नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर की उपस्थिति में जन अभियान परिषद बैतूल की टीम एवं नगर पालिका कर्मचारियों ने साथ मिलकर दूसरी तरफ के घाट की सफाई की एवं तालाब के किनारे रह रहे लोगों के साथ एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें तालाब को साफ रखना, अपने वार्ड को साफ रखना, तालाब के किनारे पर सफाई के निर्देश का बोर्ड एवं गंदगी करने वालों पर फाइन सम्बन्धी विषय पर चर्चा की और वार्ड की समस्याओं को लेकर वार्डवासियों से विचार विमर्श किया।
नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्ड की समस्याओं बिजली, नाली, पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए संबंधित नगर पालिका कर्मचारी एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाएं 75 कम 99 दिन, मां शारदा समिति, देवी अहिल्याबाई होलकर समिति, नगर पालिका ,पत्रिका समूह, जन अभियान परिषद, तात्ती दर्शन, प्रत्याशा संस्था, प्रदीपन, ग्रीन टाइगर्स, गुरुकृपा, भूपेंद्र ग्राम उत्थान समिति एवं समाजसेवियों हिमांशु सोनी, राजू गावंडे, इंदी सरदार, निमिश् मालवीय, नीतू, सुशीला बोडखे, जयश्री देशमुख उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री ने ढाई हजार से अधिक औद्योगिक इकाइयों को अंतरित की 1778 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि, कहा-

# दूर कर दी हैं, हमने सारी बाधाएं आप उद्योग लगाएं, सरकार करेगी मदद



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश एक नई उड़ान पर है। सरकार की रीति-नीति से निवेशकों में विश्वास का माहौल बना है। प्रदेश में उद्यमी, उद्योगपति, व्यापारी, व्यवसायी सब उत्साहित हैं। हम उद्यमशीलता को बढ़ाने के लिए एक नई धारा, एक नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में बिजनेस को सहज बनाने के लिए हमने सारी बाधाएं, सारी रूकावटें दूर कर दी हैं। आप बस उद्योग लगाएं, हमारी सरकार उद्योग लगाने से लेकर इसे संचालित करने तक आपकी हर जरूरी मदद करेगी, प्रोत्साहन इन्सेटिव देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की ओर से एक निजी होटल में आयोजित उद्योग निवेश सब्सिडी के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में स्थापित करीब 2500 सूक्ष्म, लघु और मध्यम श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों को 1075 करोड़ और छोटे-बड़े (वृहद श्रेणी के) उद्योगों को करीब 703 करोड़ रूपए, इस प्रकार कुल 1778 करोड़ रुपए की उद्योग निवेश सब्सिडी हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट दबाकर सिंगल क्लिक से डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सब्सिड़ी राशि उद्यमियों (निवेशकों) के बैंक खाते में ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों का बढ़ता हौसला ही हमारी पूंजी है। जीआईएस से हमें बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में हर निवेशक का स्वागत है, सम्मान है। हमने छोटे-बड़े सभी उद्योगों को प्रोत्साहन दिया है, नए वित्त वर्ष के सालाना राज्य बजट में भी हमने सबका ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि बीते साल हमने 5 हजार 260 करोड़ की उद्योग निवेश सब्सिडी राशि पूरी पारदर्शिता के साथ डीबीटी के जरिए ही निवेशकों के खातों में हस्तांतरित की। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन के राघवेंद्र कुमार सिंह ने मध्यप्रदेश में राज्य सरकार के प्रयासों से औद्योगिक क्षेत्र में लिए गए फैसलों की जानकारी दी।

### सभी अदायगी का एक साथ उद्यमियों को भुगतान देश का अकेला उदाहरण : काश्यप

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने प्रदेश में विश्वास जताने के लिए उद्योगपतियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से 1778 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि की प्रदायगी उद्योगों के विकास के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा घोषित की गई योजनाओं की 31 मार्च 2025 तक की सभी अदायगी का एक साथ भुगतान किया जा रहा है। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में उद्योगों के विकास की नई योजनाएं बनाई गई और उन्हें तेजी से क्रियान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि उद्योगपतियों का मध्यप्रदेश के प्रति भरोसा बढ़ा है। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

राज्य स्तरीय स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ, मुख्यमंत्री ने की घोषणा

# सीएम राइज स्कूल कहलाएंगे अब सांदीपनि विद्यालय

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गणवेश, लैपटॉप, ई-स्कूटी, साइकिल, कोचिंग के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा कर सही अर्थ में रामराज की कल्पना को साकार कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में मध्यप्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में भी विकास कर रहा है। प्रदेश के समस्त निर्मित और निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूलों का नाम अब सांदीपनि विद्यालय होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज भोपाल की अरेरा कॉलोनी स्थित शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (ओल्ड कैम्पियन) में आयोजित स्कूल चलें हम राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम-2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन विद्यालय परिसर पहुंचने ही विद्यार्थियों से संवाद किया और इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी देखी। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों का अवलोकन कर सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन विशेष है। अद्भुत संयोग है, जो मध्यप्रदेश की धरती पर हम देख रहे हैं। हमें अतीत में जाकर देखना होगा और अतीत के घटनाक्रम का शोध भी करना होगा। इसके अनुरूप आवश्यक सुधार भी हम करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने कंस को मारा तो उस समय की परिस्थितियों में उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझा। वह प्रथम स्कूल चलें हम अभियान था। भगवान श्रीकृष्ण ने ही यह अभियान प्रारंभ किया। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस के कुशासन का अंत कर शिक्षा का महत्व प्रतिपादित किया। उस युग के ऋषि मुनियों ने निर्णय लिया कि श्रीकृष्ण को शिक्षा के लिए गोकुल भेजा जाए जो सांदीपनि आश्रम था। यहीं पर श्रीकृष्ण और सुदामा की अनुकरणीय मित्रता का उदाहरण भी पूरे विश्व ने देखा कि मित्रता का निर्वाह और आत्मीयता को किस तरह जीवन भर बनाए रखा जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में के.जी.-2 में प्रवेश लेने वाली नन्ही बालिकाओं को माला पहनाकर उनके विद्यालय में प्रवेश की औपचारिकता पूर्ण करवाई। उन्होंने नव प्रवेशी बालिकाओं को उपहार दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अन्य अतिथियों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश की कार्यवाही स्कूल शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर स्टूडेंट डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम से किए जाने और इस पोर्टल में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित सभी कार्यों को शामिल किए जाने की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पोर्टल 3.0 का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं शासकीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर यहां तक पहुंचे हैं। अनेक महान लोगों, जिनमें डॉ. एपीजे कलाम भी शामिल हैं, जिन्होंने अपनी लगन और परिश्रम से मिसाइल मैन और भारत के राष्ट्रपति बने। इसी तरह पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी अभाव और निर्धनता में रहकर कष्ट सहते हुए शिक्षा ग्रहण की, लेकिन अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। कार्यक्रम में विधायक भगवान दास सबनानी, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया। आयुक्त जनजातीय कार्य श्रीमन शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता और अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत को उन्नत बनाने में शिक्षा का विशेष महत्व है। मध्यप्रदेश में बच्चों के भविष्य को लिखने के लिए ऐसे प्रयास हो रहे हैं, जो पहले कभी नहीं हुए। जब 1 अप्रैल से बच्चे स्कूल पहुंचेंगे तो शासन द्वारा दी गई किताब बच्चों के बैग में होगी। इसी महीने यह कार्य पूरा किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि साइकिल सहित अन्य सुविधाएं भी विद्यार्थियों को समय पर मिलेंगी। समय पर अधिकांश परीक्षाओं के परिणाम घोषित हुए हैं। जो शेष परिणाम हैं वे भी शीघ्र घोषित होंगे।



### मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को दिए ये टिप्स

- विद्यार्थी समय का पूर्ण सदुपयोग करें।
- विद्यार्थी खूब पढ़े भी और खेलें भी।
- विद्यार्थी मित्रता का भी सम्मान करें।
- श्रीकृष्ण और सुदामा की मैत्री से सीखें।
- शासन द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का लाभ लें।
- सभी विद्यार्थी बहुमुंखी प्रतिभा से राष्ट्र और प्रदेश का नाम रोशन करें।

राजभवन में हुआ बिहार, राजस्थान और ओडिशा के स्थापना दिवस का संयुक्त समारोह

## राज्य स्थापना दिवस हमारी मूल पहचान और सम्मान को बढ़ाने का संकल्प दिवस : राज्यपाल



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि राज्यों का स्थापना दिवस पर हमारे देश की मूल पहचान और सम्मान को बढ़ाने का संकल्प दिवस है। इसे अपनी विरासत को विश्व के कोने-कोने तक पहुँचाने के संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे सभी राज्यों ने हमेशा अपनी धरोहर, संस्कृति और परंपराओं के सम्मान के द्वारा राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाया है। इस गौरवपूर्ण धरोहर को सहेजने और उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य करना हम सभी का परम दायित्व है। उन्होंने कहा कि राज्यों के स्थापना दिवस देश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के उत्सव है। भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता की धरोहरों के संरक्षण, संकल्प एक भारत-श्रेष्ठ भारत का शानदार प्रदर्शन है। राज्य का स्थापना दिवस को मनाना प्रगति और विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने का प्रसंग है।

राज्यपाल श्री पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित बिहार, राजस्थान और ओडिशा के स्थापना दिवसों के संयुक्त समारोह में राज्यों के मूल निवासी मध्यप्रदेश में निवासरत नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के. सी. गुप्ता, पोस्ट मास्टर जनरल इंदौर परिक्षेंत्र सुश्री प्रीति अग्रवाल, निदेशक डाक सेवाएं भरत कुमार डालमिया और राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव मंचासीन थे।

इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सिकल सेल एनीमिया रोग जन जागृति पर डाक विभाग द्वारा जारी विशेष आवरण एवं विरूपण मोहर का अनावरण किया। पोस्ट मास्टर जनरल इंदौर परिक्षेंत्र सुश्री प्रीति अग्रवाल ने बताया कि डाक टिकट देश विदेश में जन जागृति के प्रभावी माध्यम होते हैं। डाक विभाग द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सिकल सेल एनीमिया रोग पर डाक टिकट जारी किया गया था। इसी क्रम में जारी विशेष आवरण के अनावरण के लिए राज्यपाल के प्रति आभार ज्ञापित किया। राज्यपाल श्री पटेल को देवी अहिल्या पर डाक विभाग द्वारा जारी टिकट की पेंटिंग भेंट की। राज्यपाल ने विशेष आवरण के रूपांकन में सहयोगी एम्स भोपाल के चिकित्सक डॉ. रजनीश जोशी और डॉ. अनन्य सम्पत का सम्मान किया गया।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बिहार, ओडिशा और राजस्थान राज्यों की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य हमारी अनेकता में एकता के गुलदस्ते का वह मोती है, जो भारतीय सभ्यता और संस्कृति के उत्पत्ति स्थल के रूप में जाना जाता है। यहाँ की भूमि ने हमेशा ज्ञान, शिक्षा और धर्म के क्षेंत्र में योगदान दिया है। पाटलिपुत्र, वर्तमान पटना ही वह स्थान है, जहाँ से भारत के सम्राटों और महान विचारकों ने इतिहास रचा था। बिहार के लोगों ने चाहें वह कृषि क्षेंत्र हो, उद्योग हो या फिर सेवा क्षेंत्र, हर जगह अपनी कड़ी मेहनत से पहचान बनाई है।

# मंत्री बागरी के जाति प्रमाण पत्र को लेकर खोला मोर्चा



### कांग्रेस ने छानबीन समिति से की शिकायत

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र को लेकर मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मंत्री बागरी के प्रमाण-पत्र को फर्जी बताते हुए उनके प्रमाण पत्र की जांच कराने की मांग अनुसूचित जाति कल्याण विकास विभाग छानबीन समिति से की है। उन्होंने छानबीन समिति को सभी दस्तावेज शपथ पत्र सहित सौंपे हैं। श्री अहिरवार ने आयुक्त के नाम शिकायती पत्र विभाग के सहायक आयुक्त को दिया और जाति प्रमाण-पत्र छानबीन समिति के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई।

जिसमें इस बात का उल्लेख किया गया है कि मंत्री प्रतिमा बागरी का अनुसूचित जाति वर्ग का जाति प्रमाण पत्र अवैध रूप से जारी किया गया है, वे अनुसूचित जाति वर्ग की न होकर ठाकुर, राजपूत समाज से आती हैं। श्री अहिरवार ने आरोप लगाया कि मंत्री बागरी ने इस तरह अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के अधिकारों का हनन किया है। इसके साथ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने छानबीन समिति को शपथ पत्र के साथ अन्य जरूरी दस्तावेज सौंपे हैं।

अहिरवार ने कहा कि विंध्य, बुंदेलखंड और महाकौशल क्षेत्र के बागरी अनुसूचित जाति वर्ग से संबंध न रखने के बाद भी जाति नाम की समानता के आधार पर मालवा और निमाड़ क्षेत्र के वास्तविक अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। श्री अहिरवार ने मंत्री बागरी से इस्तीफे की मांग की है। साथ ही कहा है कि प्रतिमा बागरी का जाति प्रमाण पत्र रद्द किया जाए साथ उनकी विधानसभा से सदस्यता शून्य घोषित की जाए। ताकि रैगांव की आरक्षित विधानसभा सीट पर पुनः चुनाव हो सके और वास्तविक अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति को आरक्षण का लाभ मिल सके।

# सुगम परिवहन सेवा शुरू करने का निर्णय सराहनीय



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा कैबिनेट बैठक में प्रदेश की जनता को सुगम परिवहन सेवा शुरू करने का निर्णय लेने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए आभार जताया है। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का लाभ प्रदेश के जन-जन को मिलेगा और विशेषकर ग्रामीण, पिछड़े तथा दूरस्थ जनजातीय अंचल के लोगों को भी आवागमन सुविधा आसानी से मिल सकेगी, जहां अभी यात्री बसों की सुविधा कम है। उन्होंने कहा कि सीएम राइज स्कूल का नाम सांदीपनि स्कूल करने तथा औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं के लिए होस्टल बनाने के निर्णय भी यादव सरकार के सराहनीय कदम हैं, जिनका लाभ पूरे प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप में शुरू हो रही इस परिवहन सेवा की शुरुआत से जहां बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं सेवा से जुड़ने वाले निजी बस ऑपरेटरों को भी काम मिलेगा।

## 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' के तहत वेव्स प्रतियोगिता का होगा आयोजन



**भोपाल, देशबन्धु।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ संयुक्त भागीदारी में इंडियन कॉमिक्स एसोसिएशन ने वेव्स कॉमिक्स क्रिएटर प्रतियोगिता और अंतर्राष्ट्रीय एनिमेटेड फिल्म एसोसिएशन असिफा इंडिया ने वेव्स अवार्ड्स ऑफ एक्सीलेंस के चयनितों की आज भोपाल में आयोजित एक समारोह में घोषणा की गई। इन्हें मुंबई में 1 से 4 मई को आयोजित होने वाले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) में पुरुस्कार प्रदान किए जाएंगे। आयोजन में पीआईबी भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने वेव्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो पेशेवर उद्यमी, निवेशक, निर्माता और नवप्रवर्तकों को मनोरंजन क्षेत्र में जुड़ने, सहयोग करने, नवप्रवर्तन करने और योगदान करने के लिए शानदार वैश्विक मंच प्रदान करता है। यह कन्टेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करेगा।

स्वर्णिम प्रशासन जागृति अभियान का समापन समारोह

# मन को सशक्त बनाने आध्यात्म की आवश्यकता : सिंह




**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि मन की भूमिका व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण होती है। इसलिए मन को सशक्त बनाने के लिए आध्यात्म की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हमारे मन में अधिकांशतः नकारात्मतक या व्यर्थ के विचार आते हैं, इसलिए व्यर्थ और नकारात्मक विचार से बचने के लिए आध्यात्म के माध्यम से आंतरिक शक्तियों को सशक्त कर मन का प्रबंधन किए जाने की आवश्यकता है।

यह बात उन्होंने प्रशासक, प्रबंधक और कार्यपालकों के लिए ब्रह्मकुमारी राजयोग फाउण्डेशन, प्रशासक प्रभाग द्वारा भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय स्वर्णिम प्रशासन जागृति अभियान के समापन समारोह अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि राजयोग ध्यान के माध्यम से व्यक्ति परमात्मा से आत्मा का संबंध जोड़कर अपनी आंतरिक शक्तियों को मजबूत कर सकता है।

समारोह को माउंट आबू के प्रशासक विभाग के मुख्यालय संयोजक राजयोगी बी.के.हरीश भाई , राष्ट्रीय संयोजक राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी अवधेश दीदी, महापौर श्रीमती मालती राय, पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायण चारी मिश्र, आईएएस श्रीमती भावना वालिम्बेय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रशासक, प्रबंधक, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## झारखंड के साहिबगंज में 2 मालगाड़ियों में टक्कर, 2 की मौत



**साहिबगंज, एजेंसी।** झारखंड के साहिबगंज जिले के बरहेट में मंगलवार तड़के करीब 4 बजे दो मालगाड़ियों के बीच जबरदस्त टक्कर हुई है। हादसे में ट्रेन के इंजन पर सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य कर्मी घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों मालगाड़ियों में भीषण आग लग गई, जिसे दमकलकर्मी बुझाने में जुटे हैं। एक व्यक्ति अब भी ट्रेन के इंजन में फंसा है, जिसे बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। यह हादसा बरहेट में एनटीपीसी फाटक के पास हुआ। बताया गया कि एक मालगाड़ी पहले से फाटक के पास खड़ी थी। दूसरी तरफ से आ रही मालगाड़ी ने इसमें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मालगाड़ी के इंजन और कोयला लदी बोगी में आग भभक उठी। रेल प्रशासन और पुलिस के अफसर हादसे की जानकारी मिलते ही बचाव दल के साथ मौके पर पहुंचे। जैसा कि बताया जा रहा है, टक्कर मारने वाली मालगाड़ी के इंजन वाली बोगी में सात लोग सवार थे। इनमें से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायलों को निकालकर बरहेट स्थित राजकीय हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। इनमें से दो लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घायलों में एक लोको पायलट जितेंद्र कुमार ने बताया कि पटरी पर खड़ी मालगाड़ी के बारे में अनुमान नहीं होने के कारण टक्कर हुई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**तेजाब फैक्ट्री गोदाम में....** करने का प्रयास कर रहे थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अजमेर जेएलएन हॉस्पिटल रेफर किया गया था। सोमवार रात को ही इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, मंगलवार सुबह दो और पीड़ित नरेंद्र सोलंकी (40) और दयाराम (52) ने भी दम तोड़ दिया।

**मृतकों में हरदा के 8....** गंगाराम भोपा (08), अभिषेक पिता गंगाराम भोपा (05), राकेश पिता बाबूलाल भोपा (30), लाली पत्नी राकेश भोपा (25), किरण पिता राकेश भोपा (05) की मौत हो गई। जबकि इन मजदूरों के साथ गए ठेकेदार पंकज अभी भी लापता है। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार अखिलेश शर्मा के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस का अमला घटना स्थल के लिए रवाना किया जा रहा है।

**पश्चिम बंगाल में भी....** कुमार जाना ने बताया कि विस्फोट के बाद आग इतनी तेजी से फैली कि पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जब विस्फोट हुआ, तब कुछ लोग घर के अंदर थे और आग की लपटों में घिर गए। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ और लोग अंदर फंसे हुए थे। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

घटना इतनी भयावह थी कि एक घर में भीषण आग और भगदड़ में लोग तेजी से जलते हुए घर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, जबकि कुछ लोग अंदर फंसे घायलों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे थे। एक अन्य वीडियो में महिलाएं रोते हुए अपने अपनों को बचाने की गुहार लगा रही हैं।

**वक्फ संशोधन बिल लोकसभा....** सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी कर दो अप्रैल 2025 को लोकसभा में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। यह निर्देश वक्फ विधेयक के निर्धारित पेश किए जाने के मद्देनजर आया है।

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ संशोधन बिल को 'वक्फ बर्बाद बिल' कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का एकमात्र मकसद मुसलमानों से नफरत फैलाना और हिंदुत्व की विचारधारा लागू करना है। ओवैसी ने चंद्रबाबू नायडू से अपील की कि उन्हें सोच-समझकर फैसला लेना चाहिए कि वे क्या करवाना चाहते हैं। भाजपा का हर फैसला वोट के लिए होता है। समाजवादी पार्टी वक्फ बिल के खिलाफ है। भाजपा पूरा नियंत्रण चाहती है। प्रशासन के गलत फैसले के कारण भारत की संस्कृति और भाईचारे के खिलाफ खाई पैदा की गई है। वह कहते थे कि हम तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं, क्या भाजपा ईद पर किट बांटकर तुष्टीकरण नहीं कर रही है?

वक्फ संशोधन विधेयक और इंडिया ब्लॉक नेताओं की बैठक पर कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, प्रस्तावना के चरण में ही इंडिरूा गठबंधन और सभी समान विचारधारा वाले दलों का इस पर स्पष्ट रुख था। यह असंवैधानिक बिल है। हम इस विधेयक का विरोध करने जा रहे हैं। यह इंडिरूा गठबंधन दलों द्वारा सर्वसम्मति से तय किया गया है। हम अन्य समान विचारधारा वाले दलों से भी इस विधेयक के खिलाफ मतदान करने का अनुरोध करते हैं।

**नई परिवहन सेवा को मिली....** निजी ऑपरेटर्स को आईटी प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा श्री विजयवर्गीय ने बताया कि ई-बस और इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों का विकास किया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता प्राप्त की जाएगी। परिवहन सेवाओं को मजबूत करने के लिए सरकारी संपत्तियों का प्रबंधन किया जाएगा। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि वर्तमान में मध्यप्रदेश के 20 शहरों में सार्वजनिक परिवहन के लिए विशेष प्रयोजन वाहन कंपनियां कार्यरत हैं। इनमें से 16 कंपनियां सक्रिय हैं, जबकि 4 कंपनियां निष्क्रिय हैं। सरकार ने निर्णय लिया है कि इन सभी को मिलाकर 7 संभागीय कंपनियों में विलय किया जाएगा। जिनमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर और रीवा शामिल हैं। इन कंपनियों का संचालन राज्य स्तरीय एक कंपनी के माध्यम से किया जाएगा, जो पूरे सिस्टम की निगरानी करेगी। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष और अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। यह समिति बस परिवहन की प्रभावी निगरानी करेगी और रूट परिवर्तन, बस स्टॉप विकास और चार्जिंग स्टेशनों को लेकर सुझाव देगी।

**अधिकारियों और कर्मचारियों के....** स्थानीय परिवहन, स्थानांतरण पर घरेलू समान का परिवहन एवं स्थानांतरण अनुदान, स्थायी यात्रा भत्ता में मूल्य सूचकांक के आधार पर वृद्धि, की जायेगी। इसके साथ ही अतिरिक्त कार्य के लिए दोहरा भत्ता, राज्य शासन के पात्र चिकित्सकों और चिकित्सा शिक्षकों को दिये जाने वाला अव्यवसायिक भत्ता, सचिवालयीन भत्ता एवं मंत्रालयीन अधिकारियों के लिए विशेष भत्ता की स्वीकृति दी गयी है। इसके साथ ही शासकीय सेवकों की मृत्यु पर परिवार को देय अनुग्रह अनुदान वर्तमान में निर्धारित पात्रता का 2.57 गुणक के आधार पर अधिकतम 1 लाख 25 हजार रूपये तक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंत्रालय भवन में संचालित वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली संचालनालय एवं राज्य सत्कार अधिकारी कार्यालय में पदस्थ शासकीय सेवकों को भी मंत्रालय के समकक्ष अधिकारियों के समतुल्य मंत्रालय भत्ता दिया जायेगा।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।